दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

● नई दिल्ली। रविवार 02 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 44 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## खजाना भरने वाला नहीं, लोगों की जेब भरने वाला बजट : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2025 का स्वागत करते हुए इसकी जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहाकि यह आम आदमी का बजट है और इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

पीएम मोदी ने आगे कहाकि यह बजट देश को विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगा। उन्होंने कहाकि बजट में अक्सर खजाना भरने पर ध्यान दिया जाता है, इस बजट का लक्ष्य लोगों की जेब भरना और बचत बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम की भी खूब तारीफ की। उन्होंने कहाकि यह बजट हर भारतीय के सपनों को पूरा करता है और 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है।

पीएम मोदी ने कहाकि हमने सेक्टर्स युवाओं के लिए खोल दिए हैं...ये बजट एक फोर्स मल्टीप्लायर है। प्रधानमंत्री ने कहाकि इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है...बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण के बाद पीएम मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने कहाकि बजट में किसानों के लिए घोषणाएं कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति लाएंगी। कर राहत से मध्यम वर्ग और वेतनभोगी कर्मचारियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र के लिए बजट में किये गए उपायों पर कहा कि इसका मकसद भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर चमकने देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है।

## भाजपा ने फाइनल की जिला अध्यक्षों की सूची अगले दो दिनों में होगी नामों की घोषणा

**लखनऊ, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व को लेकर जिला अध्यक्षों की सूची अब फाइनल कर दी गई है। बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय में पूरे दिन चली बैठक के बाद इस सूची को फाइनल किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और चुनाव अधिकारी महेंद्र पांडेय मौजूद रहे।



सूची के अनुसार लगभग 50% जिला अध्यक्षों के बदले जाने की संभावना है। सूची अगले 2 दिनों में घोषित हो जाएगी। इसके अलावा संगठन चुनाव से जुड़ी एक और महत्वपूर्ण जानकारी यह भी है कि 24 जिलों में मंडल अध्यक्षों के चयन को भी रोक दिया गया है। इसमें स्थानीय नेताओं ने जमकर मनमानी की थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दखल के बाद इस पर रोक लगाई गई है।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री संगठन और चुनाव अधिकारी के नेतृत्व में यह बैठक पूरे दिन चली। शुक्रवार की देर शाम तक बैठक जारी रही। इसके बाद जिला अध्यक्षों की सूची को फाइनल किया गया। लगभग 50% जिला अध्यक्ष बदले जाएंगे। खराब छवि, 60 साल से अधिक उम्र और दो बार बनाए जा चुके जिला अध्यक्षों में परिवर्तन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि यह अंतिम बैठक है जो जिला अध्यक्ष चयन के लिए की गई है। इसके बाद में केवल घोषणा होने की औपचारिकता ही बची हुई है। यह घोषणा भी अगले दो दिन में हो जाएगी। बचे हुए जिला अध्यक्षों की घोषणा नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन के बाद की जाएगी।

बीजेपी के संगठन पर्व (संगठन चुनावों) अभियान को 24 जिलों और महानगरों में बीजेपी के मेयर-विधायकों और सांसदों ने हाईजैक करने की भरसक कोशिश की, लेकिन प्रदेश चुनाव टीम की सक्रियता से ऐसे जिलों और महानगरों के मंडल अध्यक्ष चुनावों को मान्यता देने से इंकार किया। फरवरी में राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव कराए जाएंगे। इसके बाद गड़बड़ियों वाले जिलों में मंडल अध्यक्षों को नामित किया जाएगा।

# गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी आग ने मचाया हाहाकार

## कई किलोमीटर तक सुनाई दी धमाकों की आवाज और घरों के भीतर तक गिरे सिलेंडर के टुकड़े

**साहिबाबाद भौपुरा पेट्रोल पंप के पास एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लगने का मामला**

**दमकल विभाग ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई फैली भीषण आग**

**रही गनीमत भीषण हादसे में नई गई किसी की जान**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को साहिबाबाद इलाके के भौपुरा मार्ग पर उस समय लोगों की नींद टूट गई जब उन्होंने एक के बाद एक गैस से भरे गैस सिलेंडर के फटने की आवाज सुनाई दी। गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगने और फिर देखते ही देखते आग ने अपना कोहराम मचा दिया था। गैस के सिलेंडर फटे तो इसकी गूंज कई किलोमीटर तक सुनाई दी। वहीं गैस सिलेंडर के लोहे के छोटे-बड़े टुकड़े मकान की दूसरी मंजिल से लेकर आधे से ज्यादा इलाके के घरों और छतों पर पहुंच गए। इस हादसे में गनीमत यह रही कि किसी की जान नहीं गई है। हालांकि दमकल विभाग के अधिकारियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत और आठ गाड़ियों के द्वारा 100 से अधिक चक्कर लगाकर आग पर काबू पाया। शनिवार सुबह करीब 4:35 पर साहिबाबाद फायर स्टेशन को सूचना मिली कि भौपुरा मार्ग पर सड़क किनारे खड़े एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लग गई है और हादसा बेहद खतरनाक है। सूचना के बाद गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन राहुल पाल ने बताया है कि गैस सिलेंडर से भरे ट्रक भी आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। भारत गैस की सप्लाई करने वाले इस ट्रक में लगभग 360 गैस सिलेंडर थे, जिसमें से आग से 115 से ज्यादा सिलेंडर स्वाहा हो गए।



वहीं बिजली के तारों की लाइन भी जल गई थी। आग लगने से जहां लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। तो वहीं दमकल विभाग को इस पूरे ऑपरेशन में राहत पहुंचाने में काफी समय लगा, हादसे की जानकारी मिलने पर साहिबाबाद से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर पूरी जानकारी हासिल की। इसके साथ ही स्थानीय लोग भी मदद और बचाव कार्य में लग गए थे।



कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने क्या घटनास्थल का दौरा(

### पटाखों की तरह फट रहे थे एलपीजी गैस सिलेंडर, दूर तक छाई दहशत

करंट क्राइम : साहिबाबाद क्षेत्र स्थित भौपुरा के पास दिल्ली- मोहन नगर रोड पर पेट्रोल पंप के पास खड़े एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लीकेज होने के साथ ही शॉर्ट सर्किट की वजह से लगना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस ट्रक को अजय नाम का कर्मचारी लेकर जाता था। अजय का मकान यहीं भौपुरा में है। वह आसपास के इलाकों में सप्लाई किया करता था। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैस सिलेंडर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि यह कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दे रही थी। इसके साथ ही चारों तरफ आग का गुब्बर, तपिश, धुआं और कोहरे की चादर धुंध के रूप में नजर आ रही थी। आग ने इतनी तेजी से अपना तांडव मचाया और फैली की थोड़ी ही देर में कई किलोमीटर का हिस्सा आग की चपेट में आ गया। आग के बाद गैस सिलेंडर फटने की आवाज साहिबाबाद से लेकर सूर्य नगर, बृज विहार और मोहन नगर तक सुनाई दे रही थी।





पूर्व पार्षद विनोद कसाना के घर में आकर गिरा सिलेंडर का टुकड़ा।







### आग पर काबू पाने में लगे डेढ़ घंटे, घंटों निगम ने चलाया सफाई अभियान

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि आग की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं। आग को पूरी तरह से बुझाने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा। इस दौरान आठ गाड़ियों ने 100 से अधिक चक्कर लगाकर भीषण आग पर काबू पाया, तो वहीं आग को शांत करने के लिए भी अग्निशमनकर्मियों ने हौज पाइप लगाकर घंटों तक मशक्कत की थी। तो वहीं नगर निगम की टीमों ने आग लगने के बाद फैले कबाड़ और गंदगी को हटाने के लिए भी काफी देर तक सफाई अभियान चलाया था, तब जाकर मार्ग पर वाहन चलने की स्थिति बन पाई।



### कई मकान, लकड़ी के गोदाम और हाईटेंशन तार जलकर हुए राख

करंट क्राइम : शनिवार की सुबह साहिबाबाद के लोगों ने जो नजारा देखा उससे वह सहम गए। आग की चपेट में आने से लकड़ी का गोदाम, कई दुकानें और सड़क पर लगने वाले ठेले जलकर राख हो गए। साथ ही कई दुकानों के कांच, शटर और अन्य सामान भी जला है। इसके साथ ही सिलेंडर फटने ने जो लोगों को डराया और नुकसान पहुंचा है वह अलग है। गैस सिलेंडर फटने के बाद लोहे के टुकड़े मकान की दूसरी मंजिल से लेकर नाले और आसपास के इलाके की छतों पर भी मिले हैं।



### गनीमत रही दिन या शाम के वक्त नहीं हुआ हादसा, पास में था पेट्रोल पंप

करंट क्राइम : एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लगने का हादसा कितना भयानक है कि उसके बारे में सोच के ही आसपास के लोगों की रूह कांप रही थी। गनीमत यह रही कि यह हादसा दिन या शाम के समय नहीं हुआ। उस समय भौपुरा मार्ग पर वाहनों की बेहद भीड़ रहने के साथ ही आसपास के लोग दुकाने और बाजार लगते हैं, अगर ऐसे समय यह हादसा होता, तो इसमें जनहानि भी हो सकती थी। इसके साथ ही सबसे बड़ी राहत वाली बात यह है कि जहां पर एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लगी, उसके पास ही सीएनजी पंप, पेट्रोल पंप और कई अन्य बड़े गोदाम भी मौजूद हैं। जहां आग फैलती तो स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल भी हो सकती थी।



### कैबिनेट मंत्री, पूर्व पार्षद और स्थानीय लोग मदद को आए आगे

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि सुबह आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां और 50 से अधिक फायर टेंडरकर्मी मौके पर पहुंच गए थे। इसके साथ ही घटना स्थल पर एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल, टीलामोड़ थानाध्यक्ष करतार सिंह के साथ ही घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन के प्रभारी शेषनाथ यादव व अन्य दमकल की टीम घटनास्थल पर घंटों तक मौजूद रहीं। वहीं इस हादसे की सूचना मिलने के बाद कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा लोगों का हाल-चाल जानने के लिए पहुंचे थे। वहीं पूर्व पार्षद विनोद कसाना भी आसपास के लोगों की जानकारी ले रहे थे, हालांकि वह सुबह हादसे की भयावे स्थिति देखकर अपना घर छोड़कर चले गए थे।



### कोई आग का गोला देख दौड़ा, तो किसी ने दीवार कूदकर बचाई जान


करंट क्राइम : भौपुरा इलाके में एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में हादसा इतना खतरनाक और तेजी से फैला की कोई आग का गोला देखकर दौड़ गया। तो कोई नींद में उठते ही दीवार खुद कर भागा और अपनी जिंदगी को बचाने का काम किया। प्रत्यक्षदर्शी जितेंद्र ने कहा है कि जैसे ही उन्होंने सिलेंडर फटने की आवाज सुनी वह दीवार कूदकर भागे, इसके साथ ही सौदान सिंह ने बताया है कि उन्होंने अपने परिवार के सभी लोगों को उठाया और दीवार कूदे और फिर बराबर वाले प्लॉट में जा पहुंचे। इसके साथ ही इमरान ने बताया है की धमाकों और आग का मंजर उनको बुलाए नहीं भूल रहा है।

### जिसने भी देखा आग का यह मंजर, बोला भगवान दोबारा ना दिखाएं ऐसा नजारा

करंट क्राइम : भौपुरा और उसके आसपास रहने वाले लोगों ने शनिवार की सुबह एलपीजी गैस सिलेंडरों के धमाकों की जो आवाज सुनी और आग का जो गुब्बर देखा वह उससे पूरी तरीके से डरे हुए हैं। घटना के बाद जब मौके पर मीडिया पहुंची तो आसपास के लोग कह रहे थे कि भगवान उनको ऐसा मंजर दोबारा ना दिखाएं। यहां रहने वाले सौदान सिंह ने कहा कि कई किलोमीटर तक केवल आग का लाल गोला नजर आ रहा था और कानों में तेज धमाकों की आवाज सुनाई दे रही थी। इसके साथ ही स्थानीय निवासी जितेंद्र ने कहा कि ऐसा लग रहा था, मानो वह भौपुरा में नहीं हो किसी कोयले की भट्टी में पहुंच गए हों।

# आम बजट 2025 : 12.75 लाख की कर योग्य आय पर कोई टैक्स नहीं

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दे दी है। अब 12 लाख रुपये तक की आमदनी आयकर के दायरे से बाहर होगी। वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष कर पर बजट में कहा कि नए आयकर विधेयक में न्याय की भावना को प्रमुखता दी जाएगी।




| कर योग्य आय | पहले टैक्स | अब टैक्स | फायदा |
|---|---|---|---|
| 12 लाख | 80,000 | 00 | 80,000 |
| 16 लाख | 1,70,000 | 1,20,000 | 50,000 |
| 20 लाख | 2,90,000 | 2,00,000 | 90,000 |
| 24 लाख | 4,10,000 | 3,00,000 | 1,10,000 |
| 50 लाख | 11,90,000 | 10,80,000 | 1,10,000 |

**कितने रुपये तक की कर योग्य आय पर अब नहीं देना होगा टैक्स? :** वित्त मंत्री ने कहा कि 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा। इसमें जब स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जोड़ देंगे तो वेतनभोगी लोगों के लिए 12.75 लाख रुपये की करयोग्य आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा है कि इस फैसले से मध्यम वर्ग पर करों को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। उनके पास अधिक पैसा छोड़ने, घरेलू खपत, बचत और निवेश बढ़ाने का मौका होगा।

वित्त मंत्री ने एलान किया है सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए आयकर स्लैब और दरों में बदलाव किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा है कि नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख की आय तक शून्य आयकर लगेगा। मध्यम वर्ग पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है और व्यक्तिगत आयकर प्रणाली में सुधार किया है।

**टीडीएस पर वित्त मंत्री ने क्या एलान किया? :** वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा है कि टीडीएस की सीमा में बदलाव किए जाएंगे ताकि इसमें एकरूपता लाई जा सके। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस में छूट की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाएगा। किराए से होने वाली आमदनी पर टीडीएस में छूट की सीमा को बढ़ाकर छह लाख रुपये किया जाएगा। वित्त मंत्री के अनुसार, नॉन-पैन मामलों में उच्च टीडीएस के प्रावधान लागू रहेंगे। अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की सीमा को दो साल से बढ़ाकर चार साल कर दिया है।

**बजट से पहले कितनी आय टैक्स फ्री थी? :** वित्त मंत्री के बजट 2024 के अनुसार पहले किसी करदाता की सालाना आय 7 लाख 75 हजार रुपये तो स्टैंडर्ड डिडक्शन के 75,000 रुपये घटाने के बाद उसकी आमदनी 7 लाख रुपये सालाना हो जाती थी। ऐसे में उसे कोई टैक्स नहीं देना पड़ता था। इसका मतलब है अगर किसी व्यक्ति का मासिक वेतन 64000 या 64500 रुपये के आसपास थी तो नई कर प्रणाली के तहत उसकी आमदनी टैक्स फ्री थी।

# बजट भाषण से पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने निर्मला सीतारमण को खिलाया दही-चीनी, साथ में किया नाश्ता





**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को रिकॉर्ड आठवां लगातार बजट पेश करेंगी। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मंत्रालय पहुंची हैं। वित्त मंत्री के साथ वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी साथ हैं। वित्त मंत्री ने आज मधुबनी आर्ट की साड़ी पहनी हुई है। इस आर्ट की प्रमुख कलाकार दुलारी देवी हैं, जिन्हें सरकार ने साल 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त मंत्रालय से राष्ट्रपति भवन पहुंचीं। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात वित्त मंत्री ने उन्हें बजट के अहम प्रावधानों और बदलावों की जानकारी दी। यह परंपरा है, जिसमें राष्ट्रपति की मंजूरी ली जाती है। राष्ट्रपति ने वित्त मंत्री का दही चीनी खिलाकर मुंह मीठा कराया। साथ में नाश्ता भी किया।

राष्ट्रपति भवन से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद भवन के लिए रवाना हुईं। लोकसभा में 11 बजे बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फिलहाल संसद भवन पहुंच चुके हैं। कैबिनेट ने बजट 2025 को मंजूरी दे दी है। संसद की कार्यवाही शुरू हुई और वित्त मंत्री ने बजट भाषण पढ़ना शुरू किया। वहीं विपक्ष ने कुंभ की घटना को लेकर हंगामा किया और विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। बजट में वित्त मंत्री ने किसानों और एमएसएमई सेक्टर के लिए कई अहम एलान किए हैं। वित्त मंत्री ने बिहार में मखाना बोर्ड बनाने का भी एलान किया।

12 लाख रुपये तक की आमदनी पर अब आयकर नहीं। जब स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जोड़ देंगे तो वेतनभोगी लोगों के लिए 12.75 लाख रुपये की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने नए टैक्स स्लैब का एलान करते हुए कहा कि इससे मध्यम वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

# केंद्रीय बजट में बिहार की बहार, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार बिहार को लेकर संजीदा, वित्त मंत्री ने खोला खजाना

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार बिहार को लेकर संजीदा है, यह शनिवार को संसद में पेश 2025-26 के बजट में साफ दिख गया। पिछले केंद्रीय बजट के मुकाबले इस बार ज्यादा मेहरबानी दिखने की एक वजह इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं।

इसके अलावा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड का केंद्र सरकार में योगदान भी बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मेहरबानी की एक वजह है। वजह जो हो, कई पुराने घाव इस बजट ने भरे हैं। बिहार के लिए कई योजनाएं तो आई ही, कोसी-मिथिला क्षेत्र को राहत देने की खबर भी इस बजट के जरिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने दी।




**मिथिलांचल-कोसी के लिए फायदेमंद बजट :** वित्त मंत्री ने मिथिलांचल में वेस्टर्न कोशी कैनाल प्रोजेक्ट का प्रस्ताव पेश किया है। इन प्रोजेक्ट के लिए आर्थिक मदद की जाएगी। इससे यहां के किसानों को फायदा होगा।

50 हजार हैक्टेयर जमीन को सिंचाई का फायदा मिलेगा। इससे बाढ़ की त्रासदी को घटाने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, मिथिलांचल-कोसी की पहचान 'मखाना' से जुड़ी एक बड़ी घोषणा केंद्रीय बजट में की गई। वित्त मंत्री ने बिहार में मखाना बोर्ड का प्रस्ताव रखा। मखाना की मार्केटिंग के लिए यह बोर्ड बनाया जाएगा। अबतक कोसी-मिथिलांचल में मखाना उत्पादन करने वाले किसानों के लिए बाजार का पूरा सिस्टम नहीं है। इस बोर्ड के जरिए मखाना किसानों को सीधा बाजार उपलब्ध कराया जाए। वित्त मंत्री ने कहा कि कोशिश की जाएगी कि सभी सरकारी योजना का फायदा इन किसानों को मिले। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि मखाना (फॉक्स नट) के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए कहा, 'मखाना किसानों को सहायता और प्रशिक्षण सहायता और यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया जाएगा कि उन्हें सभी प्रासंगिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

**रोजगार के मुद्दे पर घेराव से बचने की तैयारी :** बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को घेरने की तैयारी में हैं और इस बजट में उस घेराव को कमजोर करने की भी तैयारी दिख रही है। बजट में बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान बनाने के साथ फुटवियर-चमड़ा उद्योग को बढ़ाने का प्रस्ताव इसका एक प्रमाण है। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान बिहार के कृषि उत्पादों को अलग तरह का बाजार उपलब्ध कराने में मदद करेगा। बिहार के अनाज से यहीं कई तरह के उत्पाद तैयार होंगे और इससे रोजगार की भी बड़ी संभावनाएं सामने आएंगी। वित्त मंत्री ने भी कहा कि पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।

यह किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाकर उनकी आय में बढ़ोत्तरी करेगा। साथ ही युवाओं के लिए हुनर, उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा करेगा। वित्त मंत्री ने फुटवियर और चमड़ा उद्योगों को बढ़ावा देने और 22 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद जताई।

# घर का सपना देख रहे मध्यम वर्ग को राहत

## रुकी आवास परियोजनाओं के लिए नए 'स्वामी' कोष का एलान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को रुकी हुई आवास परियोजना में एक लाख यूनिट को पूरा करने के 15,000 करोड़ रुपये के नए स्वामी फंड की घोषणा की। इसका उद्देश्य उन घर खरीदारों को राहत प्रदान करना है, जिनका निवेश अटका हुआ है। नवंबर में केंद्र ने पूरे भारत में रुकी हुई आवास परियोजनाओं को पूरा करने के लिए स्पेशल विंडो फॉर अफोर्डेबल एंड मिड इनकम हाउसिंग (स्वामी) नामक एक स्ट्रेस फंड की घोषणा की थी। इस फंड का प्रबंधन स्टेट बैंक समूह कंपनी एसबीआईसीएपी वेंचर्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।



पहले फंड की सफलता के बाद निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में स्वामी फंड-2 की घोषणा की। स्वामी फंड-1 के अंतर्गत वित्त मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि तनावग्रस्त आवास परियोजनाओं में 50,000 आवासीय इकाइयां पूरी हो चुकी हैं और घर खरीदारों को चाबियां सौंप दी गई हैं। उन्होंने बताया कि 40,000 इकाइयां 2025 में पूरी हो जाएंगी। इससे मध्यम वर्ग के उन परिवारों को मदद मिलेगी, जो अपार्टमेंट के लिए लोन लिए है या ईएमआई भरते हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, इस सफलता के आधार पर स्वामी फंड-2 को सरकार, बैंकों और प्राइवेट निवेशकों के योगदान के साथ वित्त सुविधा के रूप में स्थापित किया जाएगा। 15,000 करोड़ रुपये के इस फंड का लक्ष्य अन्य एक लाख इकाइयों को पूरा करना है।

2019 में एसबीआई वेंचर्स लिमिटेड द्वारा शुरू की गई डेटा विश्लेषणात्मक फर्म प्रॉपइक्विटी की तरफ से जारी डाटा के अनुसार, 4.58 लाख आवास इकाइयों वाली लगभग 1,500 परियोजनाएं रुकी हुई थीं और इसे पूरा करने के लिए 55,000 करोड़ रुपये की कुल फंडिंग की आवश्यकता थी।

# 'केंद्र का बजट या बिहार का?' : विपक्ष ने अन्य राज्यों की अनदेखी का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** साल 2025-26 के लिए केंद्र सरकार ने शनिवार को आम बजट पेश किया। इस बार बजट में बिहार को कई बड़ी सौगातें दी गई हैं। इनमें मखाना बोर्ड का गठन, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता और आईआईटी पटना की क्षमता में विस्तार के अलावा कई अन्य बड़े एलान भी शामिल हैं। बजट में बिहार को खास तवज्जो देने के लिए विपक्ष केंद्र पर तंज कसा है। विपक्ष ने केंद्र इस साल के केंद्रीय बजट में बिहार के अलावा अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।



**बैसाखी को बरकरार रखने के लिए सरकार ने की अन्य राज्यों की अनदेखी :** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने केंद्र पर तंज कसते हुए कहा, 'मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि यह भारत सरकार का बजट था या यह बिहार सरकार का बजट था? क्या आपने केंद्रीय वित्त मंत्री के पूरे बजटीय भाषण में बिहार के अलावा किसी अन्य राज्य का नाम सुना?' आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार बैसाखी पर है। इस बैसाखी को बरकरार रखने के लिए सरकार ने अन्य राज्यों के विकास हित की अनदेखी की।

आगे जब उनसे बजट में कर छूट की घोषणाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कर प्रस्तावों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करना होगा। वित्त मंत्री ने कुछ दावे किए हैं; उन दावों पर गौर करना होगा।

**शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने बजट को बताया किसान विरोधी :** वहीं, शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने भी केंद्र सरकार पर किसानों और पंजाब के लोगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में राज्यों के नाम पर केवल बिहार का जिक्र था, जहां चुनाव होने जा रहे हैं। केवल बिहार, बिहार और बिहार। पंजाब का कोई जिक्र नहीं था। किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर पिछले चार साल से विरोध प्रदर्शन में बैठे हैं। यह किसान विरोधी बजट था। जो किसान अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं उनकी बात नहीं सुनी गई, यह दुखद है।

**'बिहार के लिए लॉलीपॉप की तरह यह बजट' :** इस बीच, टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बिहार के लिए घोषणाओं का स्वागत किया, लेकिन विशेष पैकेज की घोषणा नहीं करने पर सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बिहार के लिए लॉलीपॉप की तरह है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि बिहार मेरी ताकत है और मुझे बिहार को लेकर किए गए एलान के बारे में अच्छा लगा, लेकिन यह चुनाव का समय भी है, तो क्या यह बिहार को आगे ले जाने वाला चुनावी बजट था? पहले बताए गए बड़े विशेष पैकेजों का क्या हुआ?... बिहार को ध्यान में रखते हुए यह बजट लॉलीपॉप जैसा लगता है... अब बात वेतनभोगी वर्ग की तो छूट 12 लाख की जगह 15 लाख होनी चाहिए थी।

### जुलाई 2024 में पिछले बजट में क्या था?

जुलाई 2024 में पिछले बजट के दौरान, केंद्र ने बिहार के लिए कई बड़े उपायों की घोषणा की थी, जिनमें विभिन्न परियोजनाओं के लिए 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय का प्रस्ताव था। इनमें तीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं, एक बिजली संयंत्र, विरासत गलियारों और नए हवाई अड्डों और बुनियादी खेल ढांचे के लिए धन शामिल था।

### इस साल के अंत में बिहार में होने हैं चुनाव

बता दें कि बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। मौजूदा वक्त में बिहार में जनता दल (यूनाईटेड) और भाजपा के गठबंधन वाली सरकार है। ऐसे में केंद्र द्वारा बिहार के लिए किए गए यह एलान अहम हैं।

### बिहार के लिए किए गए बड़े एलान...

**मखाना बोर्ड :** किसानों की आय बढ़ाने के लिए विज्ञान और तकनीक का सहारा लिया जाएगा।
**ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट :** बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। पटना एयरपोर्ट को विस्तार दिया जाएगा।
**पश्चिमी कोशी नहर परियोजना :** बिहार के मिथिलांचल में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना शुरू की जाएगी। इसके दायरे में 50 हजार हेक्टेयर का क्षेत्र आएगा।
**बिहार में नया संस्थान :** बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरू किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।
**आईआईटी पटना :** आईआईटी पटना में छात्रावास और एक अन्य बुनियादी ढांचा क्षमता के विस्तार का एलान किया गया।

# दिल्ली में पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़

## तीन को लगी गोली, पांच बदमाश गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला के मेट्रो विहार इलाके में शनिवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से चली गोलीबारी में तीन बदमाशों को गोली लगी है। पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन भागने में कामयाब रहे। घायल बदमाशों को पुलिस ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया है।

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी। गांव खेड़ा खुर्द के गोदाम क्षेत्र में गश्त करते समय टीम को गांव खेड़ा खुर्द के बाहरी इलाके में कुछ लोगों के संदिग्ध हरकत के बारे में सूचना मिली। वहां पहुंचने पर पुलिस ने 8-9 लोगों को एक ट्रक में पीवीसी लादते देखा।

पुलिस टीम को देखते ही बदमाश वहां से भागने लगे। इस दौरान एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस पार्टी ने भी उन पर गोलियां चलाईं। पुलिस की गोली से तीन बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने पांच बदमाशों को मौके पर दबोच लिया है।

# राजनीतिक स्वार्थ का बजट : मायावती

**लखनऊ।** केंद्र की मोदी सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर दिया है जिसमें नौकरी पेशा लोगों और किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। वहीं, विपक्षी नेताओं ने अलग पक्ष रखा है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने बजट पर कहा कि ये राजनीतिक स्वार्थ पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने एक्स पर कहा कि देश में महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी की जबरदस्त मार के साथ ही सड़क, पानी, शिक्षा, सुख-शान्ति आदि की जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण लगभग 140 करोड़ की भारी जनसंख्या वाले भारत में लोगों का जीवन काफी त्रस्त है, जिसका केन्द्रीय बजट के माध्यम से भी निवारण होना जरूरी है।



# सीएम योगी ने संगम तट पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, संतों से की मुलाकात




**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने संगम नोज पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भीड़, प्रबंधन, बैरिकेडिंग, अखाड़ा मार्ग आदि का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। वसंत पंचमी के मौके पर किसी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पूर्व सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण कर मेला और आसपास के क्षेत्रों में यातायात की व्यवस्था का जायजा लिया।

इसके बाद वह संगम तट पर पहुंचे। यहां पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ पूरे संगम नोज क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का जायजा लिया। एडीजी भानु भास्कर, मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, डीआईजी मेला वैभव कृष्ण सहित तमाम अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

# आज से जनता के लिए खुलेगा राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान, वन वाटिका में इस बार खिले हैं 140 तरह के गुलाब





**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के प्रसिद्ध अमृत उद्यान को आज से जनता के लिए खोला जाएगा। इस बार उद्यान में 140 प्रकार के गुलाब, एक फ्लोरल क्लॉक और बाल वाटिका समेत कई आकर्षण देखने को मिलेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, इस साल प्लूमेरिया गार्डन में रंग-बिरंगे फूलों वाले पेड़ और चार लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा, बरगद के पेड़ों से घिरा एक ग्रोव भी बनाया गया है। उद्यान में 220 मीटर लंबा एक सेंसरी पथ भी है, जिस पर नंगे पैर चलने से आनंद की अनुभूति होगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने बताया कि अमृत उद्यान सोमवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। प्रवेश निःशुल्क है। उद्यान 15 एकड़ में फैला हुआ है और 5 फरवरी, 20-21 फरवरी तथा 14 मार्च को बंद रहेगा।

यह क्लॉक समय भी दिखाएगा। आगंतुकों के लिए सेंट्रल सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा भी उपलब्ध होगी। अमृत उद्यान 2 फरवरी से 30 मार्च तक खुला रहेगा। 26 मार्च को दिव्यांगजन, 27 मार्च को सुरक्षा बलों के कर्मियों, 28 मार्च को महिलाओं और 29 मार्च को वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष दिन होंगे।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 2 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# केंद्रीय बजट को लेकर सियासत के चेहरों ने रखी अपनी राय



गाजियाबाद, करंट क्राइम। केंद्रीय बजट को लेकर रखे राजनीति के प्रबुद्ध लोगों ने अपने विचार। केंद्रीय बजट को लेकर सब की अपनी अपनी राय है। बजट को लेकर उद्योगपति संजीव गुप्ता क्या राय रखते हैं। फिक्की पदाधिकारी यूथ आइकॉन नीरज सिंह बजट को किस नजरिए से देखते हैं। विधायक संजीव शर्मा की नजर में बजट कैसा है। दैनिक करंट क्राइम ने बजट को लेकर इन सभी प्रमुख चेहरों से बात की ओर सभी ने बजट को लेकर अपनी बात रखी।

## सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट : नीरज सिंह



गाजियाबाद, करंट क्राइम। यह बजट भारत के युवाओं को आत्मनिर्भरता, किसानों को अधिक आय, नारी शक्ति को सम्मान व स्वाभिमान तथा विशेष रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने वाला बजट है। पिछले दस वर्षों में दुनिया ने एक नया और सशक्त भारत देखा है, इस बजट से स्पष्ट है कि भारत वैश्विक आर्थिकी में अपनी भूमिका और भी बड़ी करने जा रहा है। विकसित भारत के जनसंकल्प में हर भारतीय को शामिल करते 'भारत के इस बजट' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संवेदी व कुशल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक साधुवाद!

## 12 लाख तक की आय पर टैक्स छूट से सरकार ने जीता आम जनता का भरोसा : संजीव गुप्ता



गाजियाबाद, करंट क्राइम। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार 3.0 का केन्द्रीय आम बजट पेश किया है। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने कहा है कि यह बजट आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जिसमें सबसे बड़ी बात यह है कि अब 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री किया गया है। इसके साथ ही इसमें किसानों के लिए बड़ा ऐलान किया गया है। तथा साथ में स्टार्टअप के लिए अब 10 करोड़ रुपए तक के लोन को स्वीकृति मिलेगी। बजट में उभरती हुई नयी तकनीकों को बढ़ावा दिया गया है जिसके कारण भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी तथा पर्यावरण के सुधार को देखते हुए इलैक्ट्रिक गाड़ियां सस्ती होंगी।

## देश का बजट भारत की अर्थव्यवस्था को करेगा मजबूत : नरेंद्र कश्यप

### 'युवाओं, गरीबों, अन्नदाता और मीडियम क्लास को मिलेगा लाभ'

गाजियाबाद, करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को आए केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि इस बजट से जहां अन्नदाता खुशहाल और मजबूत बनेगा। तो वहीं युवाओं ,महिलाओं, बेरोजगारों और गरीबों को भी बहुत बड़ी राहत मिलने वाली है। इसके साथ ही उन्होंने 12 लाख रुपए तक इनकम टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव पर भी सरकार और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जिस तरीके से केंद्र सरकार ने अपना बजट पास किया है, उससे विपक्ष परेशान है और आम जनता खुश नजर आ रही है।



### उत्तर प्रदेश का और बेहतर होगा विकास : नरेंद्र कश्यप

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जिस तरीके से केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पास किया है उसका लाभ उत्तर प्रदेश में भी होगा। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश को भी इस बजट से काफी संभावनाएं और राहत मिली हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि इस बजट से उत्तर प्रदेश के विकास में पंख लगेंगे साथ ही यह सभी के लिए कल्याणकारी साबित होगा।

## मध्य वर्ग को बहुत बड़ी राहत देने वाला बजट : अशु वर्मा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। केंद्रीय बजट पर गाजियाबाद के पूर्व मेयर आशु वर्मा ने कहा कि इस बजट में किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपस से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है। यह बजट मध्य वर्ग के लिए बहुत बड़ी राहत देने वाला बजट है। आयकर छूट की सीमा को 12 लाख रुपए तक ले जाकर सरकार ने मध्य वर्ग को बहुत बड़ी राहत दी है। इस बजट में एमएसएमई का भी बहुत ध्यान रखा गया है इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## 2025-26 का केंद्रीय बजट युवा भारत के सपनों को साकार करने वाला बजट है: संजीव शर्मा



गाजियाबाद : विधायक संजीव शर्मा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को पेश 2025-26 के केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों, विकसित भारत व युवा भारत के सपनों को साकार करने वाला बजट है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐतिहासिक केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला ऐसा बजट है, जो अर्थव्यवस्था को तो गति देगा ही, साथ ही गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण पर भी केंद्रित है। यह बजट समाज के हर वर्ग को नई दिशा व दशा प्रदान करने का काम करेगा और देश को शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाएगा। आम बजट में आयकर में छूट को 12 लाख होना मध्यम वर्ग के लिए बहुत शानदार है विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि ऐसे शानदार बजट के लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का समस्त प्रदेश व देशवासियों की तरफ से हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

## इस बार का बजट संतुलित और संयमित : सुरेंद्र कुमार मुन्नी



करंट क्राइम : पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी का कहना है कि इस बार का बजट बेहद संतुलित और संयमित है। बजट 2025 में जहां युवाओं, गरीबों अन्नदाताओं और महिलाओं के साथ ही देश के मध्यम वर्ग के लिए सरकार ने सुनहरा तोहफा दिया है। तो वहीं जिस तरीके से सरकार ने मोबाइल, सोलर पैनल सस्ते करने का काम किया है, तो किसानों की क्रेडिट लिमिट बढ़कर उन्होंने अन्नदाता को एक सुनहरा अवसर भी प्रदान किया है। वहीं सुरेंद्र मुन्नी का कहना है कि जिस तरीके से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट को हर व्यक्ति के लिहाज से ध्यान रखते हुए बनाया गया है, उसके लिए उनको बहुत-बहुत शुभकामनाएं। साथ ही पूर्व विधायक सुरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने फिर एक बार साबित किया है कि वह देश में अलग राजनीति कर रहे हैं। सबका साथ और सबका विकास उनकी प्राथमिकता में रहता है।

## विकसित भारत को नई दिशा देने वाला बजट : इन्द्रजीत सिंह टीटू



गाजियाबाद, करंट क्राइम। इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया। इस बजट में इनकम टैक्स को लेकर मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी गई है। आम बजट में ऐलान किया गया है कि 12 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि बजट को लेकर सरकार बधाई की पात्र है। यह सरकार का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक है। 8 से 12 लाख तक आमदनी पर केवल आपको 10% टैक्स देना है। बजट मध्यम वर्ग को फोकस करते हुए बनाया गया है इस बजट को मध्यम वर्ग के लिए बनाया गया बजट कह सकते हैं।

## बजट में भारत के सभी वर्गों का रखा गया ध्यान : रविंद्र चौहान



गाजियाबाद, करंट क्राइम। अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौहान ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा जो बजट पेश किया है उससे व्यापारी भाई और मध्यम वर्ग बहुत खुश हुए हैं। शिक्षा में आईआईटी कॉलेज को बढ़ाया जाएगा। छोटे कारोबारी के लिए 5 करोड़ का कर्ज, 75000 मेडिकल सीट बढ़ाई जाएंगी। खिलौने उद्योग में ग्लोबल हब बनाने की तैयारी। उत्पादकों का मूल्यवर्धन कर किसानों की आय में वृद्धि होगी। ई-श्रम पोर्टल का गठन किया जाएगा। सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के लिए इंटरनेट की योजना। 88 एयरपोर्टों को छोटे-छोटे शहरों से जोड़ा जाएगा। बहुत अच्छा बजट पेश किया गया है, इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## सहूलियत से भरा बजट : अजमजीत सिंह बिड्डी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। 2025 के बजट में केसीसी की लिमिट बढ़ाना यह किसान के लिए उचित कदम है। 12 लाख रुपए तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा और 4 साल की रिटर्न एक साथ जमा कर सकेंगे, इससे सभी को सहूलियत मिलेगी। अमरजीत सिंह बिड्डी पूर्व चेयरमैन सहकारी गन्ना विकास समिति मोदीनगर

## भारत के विकास को नई दिशा देने वाला बजट : कविता प्रवीण भाटी



साहिबाबाद, करंट क्राइम। वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने बजट 2025 को मध्यम वर्ग की उम्मीदों का संबल बताया है। उन्होंने आगे कहा कि यह बजट भारत के विकास को नई दिशा देगा। बजट में आयकर दाताओं को बहुत बड़ी राहत, किसानों, महिलाओं उद्यमियों, युवाओं के लिए बड़ी घोषणाएं, रक्षा क्षेत्र पर ध्यान और मखाना, मछली, आंगनबाड़ी, छात्र, किसान, महिलाओं को लेकर बड़ी घोषणाएं शामिल हैं। कविता प्रवीण भाटी ने बताया कि लगातार सबसे ज्यादा बजट पेश करने, सबसे लंबे बजट भाषण, पेपरलेस बजट, परम्परा में बदलाव जैसे कई रिकॉर्ड बना चुकी वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा नीत एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया। निर्मला सीतारमण का यह 8वां और मोदी सरकार का 14वां बजट था। इस बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि आम आदमी को इस बजट से बहुत सारी उम्मीदें थीं।

## टैक्स छूट में राहत देना सरकार का बड़ा फैसला : सरदार एसपी सिंह



गाजियाबाद, करंट क्राइम। केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश बजट पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार एस पी सिंह ने कहा कि सीनियर सिटीजन को टैक्स में बड़ी राहत देकर सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। आईटीआर भरने की समय सीमा बढ़ाई गई है, अब चार साल तक रिटर्न भरा जा सकेगा। टीडीएस की सीमा भी बढ़ाकर 10 लाख रुपये की गई है। वरिष्ठ नागरिकों को दोगुनी टैक्स छूट का लाभ मिलेगा। वित्त मंत्री ने घोषणा की है आयकर के लिए अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल पेश किया जाएगा। इस बजट में वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, किसानों और उद्यमियों को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों की शुरूआत होगी। तकनीकी और मेडिकल सेक्टर में और अधिक सीटें युवाओं को मिलेंगी। देश में हवाई यात्राओं को बढ़ावा देने के लिए नये हवाई अड्डों का निर्माण किया जाएगा।

## बजट अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा कर उज्जवल और समृद्ध भविष्य का मार्ग तय करने वाला : प्रदीप चौधरी



वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया भारतीय संघ बजट 2025 एक परिवर्तनकारी और समावेशी ब्लूप्रिंट है, जो समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को संबोधित करते हुए भारत के आर्थिक विकास की मजबूत नींव रखता है। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव एवं भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी इस दूरदर्शी पहल की सराहना करते हुए कहते हैं कि विशेष रूप से मध्यम वर्ग को प्रदान की गई महत्वपूर्ण राहत, जो इस बजट का एक प्रमुख आधार है। यह बजट किसान, गरीब, व्यापारी, उद्यमी, चिकित्सा, शिक्षा , पर्यटन की मजबूती के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। यह बजट भारत की लचीलापन और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। यह न केवल अर्थव्यवस्था की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि एक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करता है। हमें पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर और भी अधिक चमकेगा।

## भारत की संकल्पना को लेकर पेश किया गया: प्रवीण चौधरी



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा- केंद्र सरकार का बजट जनहितकारी, भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर, विकसित भारत की संकल्पना को लेकर पेश किया गया है। जो स्वागत योग्य है। नया आयकर बिल लाने की योजना से आम आदमी को और अधिक लाभ होगा। बजट में मेडिकल कॉलेज में इस साल 10 हजार सीटें बढाने, जीवन रक्षक दवाओं के दाम घटाने, डे केयर सेंटर सरकारी अस्पतालों में बनाने, टीवी के दाम घटाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर आम भारतीय को राहत दी है। 12 आम भारतीय को राहत दी है। 12 लाख की आय तक कोई टैक्स नहीं होने से मध्यम वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी।

## आम आदमी के लिए 12 लाख तक कोई टैक्स नहीं बड़ा फैसला : केडी त्यागी






करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के नेता केडी त्यागी का कहना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस प्रकार का बजट पास किया है, वह बेहद प्रशंसनी है। इसके साथ ही यह आम आदमी के लिए सबसे बड़ी राहत वाली बात यह है कि 12 लाख रुपए तक की आय वाले लोगों को अब किसी प्रकार का कोई टैक्स नहीं देना होगा। उन्होंने कहा कि यह देश की बड़ी आबादी के लिए एक अच्छी सौगात है। भाजपा नेता केडी त्यागी का कहना है कि जो पैसे लोग टैक्स के रूप में देते थे ,अब वह रकम उनकी सेविंग के रूप में काम आएगी। उन्होंने वर्ष 2025-26 के लिए पारित बजट को ऐतिहासिक और भारत के विकास के लिए बेहद आवश्यक बताया है।

# गाजियाबाद में लगातार बढ़ रहे हैं सेक्सटॉर्शन के मामले : मधुबन बापूधाम पुलिस ने शिक्षक को ब्लैकमेल करने वाले तीन आरोपी किए गिरफ्तार

### मुख्य आरोपी के पास से दिल्ली और यूपी बार के मिले तीन आईकार्ड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों सेक्सटॉर्शन के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। तो पुलिस लगातार ऐसे गिरोह पर कार्रवाई भी कर रही है। शनिवार को फिर से मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने एक गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने एक शिक्षक के कपड़े उतरवा कर उनका वीडियो बनवाया और फिर



हत्या का भय दिखाते हुए पैसों की वसूली की थी। पुलिस ने बताया है कि कुल 1,40,000 रुपए ऑनलाइन और 6 अन्य ट्रांजैक्शन करवाई गई थी। कुछ पैसा आरोपी ने बाद में साइबर ठगी की वेबसाइट पर दर्ज कराकर होल्ड करवा दिया था। एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह ने कहा है कि पकड़ा गया आरोपी पहले भी इसी मामले में नंदग्राम से जेल जा चुका है। वहीं मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने उनके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी है। उनको भी जल्द दबोचा जाएगा।

### किराए के कमरे पर चल रहा था गंदा काम

**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह ने बताया है कि पुलिस ने इस मामले में रिंकू निवासी हर्ष विहार दिल्ली 37 साल को गिरफ्तार किया है। यह एक साल पहले नंदग्राम थाना पुलिस द्वारा भी इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही अजय पिलखुआ हापड़र निवासी और शुभम उर्फ सम्राट को भी गिरफ्तार किया गया है। अजय ऑनलाइन डेटिंग एप ग्राइंडर पर चैटिंग कर लोगों को सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसता था और फिर सब आपस में ठगी का पैसा बांट लिया करते थे। पुलिस ने बताया है कि 2 जनवरी को ही अजय ने एनडीआरएफ रोड के निकट 9000 रुपये पर कमरा लिया था और इसी कमरे में यह गंदा धंधा चल रहा था।



### सावधान बढ़ रहा है सेक्सटॉर्शन का गंदा धंधा

**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह ने बताया है कि इन दिनों गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में सेक्सटॉर्शन का गंदा धंधा तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया है कि कुछ दिन पहले भी मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने महिलाओं को शामिल कर इस तरीके के घटनाक्रम का खुलासा किया था। तो वहीं इस बार एक शिक्षक के साथ यह मामला सामने आया है। बता दें कि इस तरीके के डेटिंग एप के जरिए पहले लोगों को युवक युवतियों के साथ संबंध बनाने का लालच मौके के रूप में दिया जाता है और फिर उनकी अश्लील फोटो, वीडियो और चैटिंग सार्वजनिक करने और परिवार वालों को दिखाने के नाम पर ठगी की जाती है। उन्होंने कहा है कि ऐसे में सभी को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। पुलिस इनके फरार साथियों को जल्द गिरफ्तार करने का काम करेगी।

# एक मार्च से शुरू होगी हिंडन एयरपोर्ट से पहली उड़ान

### अतुल गर्ग ने दिया निमंत्रण और उड्डयन मंत्री राम मोहन होंगे मुख्य मेहमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उस हवाई अड्डे के रन वे पर उड़ान भरने की तैयारी की है जो कई वर्षों से बंद है। सांसद अतुल गर्ग के प्रयास सफल हुए हैं और 1 मार्च को हिंडन डोमेस्टिक एयर पोर्ट से पहली उड़ान शुरू होगी। सांसद अतुल गर्ग ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से शिष्टाचार मुलाकात की। अतुल गर्ग ने उन्हें 1 मार्च को शुरू होने वाली प्रथम हवाई उड़ान के शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का अनुरोध करते हुए समस्त गाजियाबाद निवासियों की ओर से निमंत्रण दिया। अतुल गर्ग ने



कहा कि हम सभी लोकसभा क्षेत्र के लोग चाहते हैं कि जिनके अथक प्रयास से हिंडन डोमेस्टिक एयर पोर्ट पर हवाई सेवा सुचारू हो रही है उन्हीं के कर कमलों से इसका शुभारंभ हो। अतुल गर्ग ने नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से यह आग्रह किया कि गाजियाबाद के इस एयर पोर्ट से अयोध्या तथा प्रयागराज के लिए भी उड़ान सेवा शुरू की जाए।

## संपादकीय

# सही साबित हुआ भारत


कनाडा की एक रिपोर्ट ने प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों को गलत साबित कर दिया है, जिसमें उन्होंने जून 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ का आरोप लगाया था। इस रिपोर्ट के बाद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं हैं। कनाडाई आयोग की रिपोर्ट ने आखिरकार दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। मंगलवार को आई इस रिपोर्ट में यह साफ कर दिया गया कि कनाडा में जून 2023 में हुई खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ का कोई सबूत नहीं है। जाहिर है, इसके बाद कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप मुंह के बल गिरे नजर आ रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जब अपने देश की संसद में यह आरोप लगाया था, तब भी उनके उस कृत्य को गैरजिम्मेदाराना माना गया था। भारत ने आरोपों को बेतुका बताते हुए उनसे सबूत मांगे थे जो वह कभी दे नहीं पाए। और अब उनके ही देश के आयोग की रिपोर्ट बताती है कि उनका वह बयान सफेद झूठ पर आधारित था। जस्टिन ट्रूडो के झूठे आरोपों के बाद स्वाभाविक ही दोनों देशों के रिश्तों में गिरावट आई। भारत ने ट्रूडो के बयानों को राजनीति से प्रेरित बताया था। लेकिन कड़ा भारत विरोधी रुख भी घरेलू राजनीति में उनकी खास मदद नहीं कर पाया। आखिर उन्हें अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा करनी पड़ी। अब वह नया नेता चुने जाने तक के लिए इस पद पर हैं।

अब जब निज्जर हत्याकांड से जुड़े कनाडा के आरोप पूरी तरह खारिज हो चुके हैं, तब भारत विरोधी तत्वों को खुली छूट देने के मसले पर नए सिरे से बात होनी चाहिए। भारत पहले से कहता रहा है कि कनाडा और अन्य यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अलगवावादी तत्व जिस तरह की भारत विरोधी गतिविधियां खुलेआम चला रहे हैं, उन पर प्रभावी रोक लगाने की जिम्मेदारी उन देशों की है। कनाडा सरकार को तो उस पर काम करना ही चाहिए, अन्य देशों को भी इस पहलू पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

कनाडा में इसी साल चुनाव होने हैं, इसलिए दोनों देशों के पास मौका है कि अतीत की गलतियों को पीछे छोड़ते हुए रिश्तों को पटरी पर लाने की नए सिरे से कोशिश की जाए। अगर कनाडा सरकार अपनी भूल समझते हुए अहम मसलों पर अपने रुख में पॉजिटिव बदलाव लाती है तो द्विपक्षीय रिश्तों को बेहतर भविष्य देना मुश्किल नहीं होगा।

# बजट पर बाजार की सुस्त प्रतिक्रिया, सेंसेक्स-निफ्टी उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद






**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट प्रस्तुति से पहले शनिवार को शुरूआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 136.44 अंक चढ़कर 77,637.01 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 20.2 अंक चढ़कर 23,528.60 अंक पर पहुंच गया। 30 शेयरों वाले ब्लू-चिप पैक में आईटीसी होटल्स, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी सर्वाधिक लाभ में रहे। टाइटन, कोटक महिन्द्रा बैंक, नेस्ले, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और आईसीआईसीआई बैंक पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे।

### लंबी अवधि में कैसे तय करेंगे बाजार की दिशा

बाजट में हुए एलानों का असर बाजार पर पड़ता रहेगा। बजट से एक बड़ी उम्मीद यह है कि मध्यम वर्ग को राहत देने और उपभोग को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर में कटौती की जाएगी, जिससे विकास की गति सुधरेगी। कर राहत पर वित्त मंत्री क्या फैसला लेंगी, यह थोड़ी देर में पता चल जाएगा। हालांकि, जानकार आशंका जता रहे हैं कि किसी बड़ी राहत की उम्मीद फिलहाल नहीं है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, बाजार विकास को बढ़ावा देने वाले उपायों की तलाश करेगा, न कि पूंजीगत लाभ कर में बदलाव जैसे राहतों की। उन्होंने कहा कि बजट पर बाजार की प्रतिक्रिया कुछ दिनों से अधिक नहीं रहेगी। विकास और आय में सुधार के रुझान मध्यम से लंबी अवधि में बाजार की दिशा तय करेंगे।

### आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के क्या मायने हैं

सरकार के बजट-पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, आगामी वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.3-6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है, जो विकसित देश बनने के लिए आवश्यक वृद्धि दर से काफी कम है। वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए भूमि और श्रम जैसे क्षेत्रों में विनियमन हटाने और अन्य सुधार की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुक्रवार को संसद में पेश किए गए अर्थव्यवस्था की स्थिति संबंधी दस्तावेज में संकेत दिया गया है कि भारत की विश्व को पछाड़ने वाली वृद्धि धीमी पड़ रही है तथा 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक लगभग 8 प्रतिशत वार्षिक दर प्राप्त करने के लिए और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। छुट्टियों के कारण शनिवार को एशियाई बाजार बंद रहेंगे। इससे पहले घरेलू शेयर बाजार में सपाट शुरूआत हुई।

### बीते वर्षों में बजट की घोषणाओं का बाजार पर क्या असर पड़ा

बाजार के जानकारों का कहना है कि पिछले कुछ सालों से बजट के दिन शेयर बाजार की चाल बदल जाती है। यदि बाजार में गिरावट आती है तो कुछ समय के भीतर इसमें सुधार भी हो जाता है। बावजूद इसके पिछले पांच सालों के बजट पर नजर डालें तो दो बार बजट के दिन सेंसेक्स में उछाल देखने को मिला और तीन बार बजट के दिन सेंसेक्स में भारी गिरावट देखने को मिली। बजट का असर इस बार बाजार पर कैसा होगा यह कहना मुश्किल है। सप्ताह के पहले दिन बाजार में बिकवाली हावी रही है। वहीं हफ्ते के दूसरे दिन मंगलवार को निफ्टी और बीएसई इंडेक्स में उछाल रहा। बुधवार 29 फरवरी को एनएसई निफ्टी 205.85 अंक बढ़कर और बीएसई 653.95 अंक बढ़कर बंद हुआ। बजट सप्ताह होने की वजह से बाजार में हलचल बनी हुई है। यदि पिछले पांच साल के बजट पर नजर डालें तो बजट भाषण के बीच बाजार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है।

# पूर्वोत्तर और पहाड़ी इलाकों में बनेंगे हवाई अड्डे, विमानन क्षेत्र के बजट में 10 फीसदी की कटौती



**नई दिल्ली।** बजट में उड़ान योजना का दायरा बढ़ाने की घोषणा करते हुए पहाड़ी और पूर्वोत्तर इलाकों तक हवाई अड्डे बनाने की बात कही गई है। मगर नागरिक विमानन मंत्रालय के बजट में कटौती कर दी गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिक विमानन मंत्रालय का बजट 2,658.68 करोड़ रुपये से अब 2,400.31 करोड़ रुपये कर दिया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कई बड़े एलान किए हैं। बजट में उड़ान योजना का दायरा बढ़ाने की घोषणा करते हुए पहाड़ी और पूर्वोत्तर इलाकों तक हवाई अड्डे बनाने की बात कही गई है। मगर नागरिक विमानन मंत्रालय के बजट में कटौती कर दी गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिक विमानन मंत्रालय का बजट 2,658.68 करोड़ रुपये से अब 2,400.31 करोड़ रुपये कर दिया है। वहीं उड़ान के लिए पिछले बजट के मुकाबले 800 करोड़ रुपये से 540 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि उड़ान योजना से 120 नए गंतव्यों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना ने 1.5 करोड़ मध्यम वर्ग के लोगों की हवाई यात्रा की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि अब एक संशोधित उड़ान योजना शुरू की जाएगी। इससे 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाया जा सकेगा। इससे अगले 10 वर्षों में चार करोड़ यात्रियों को जोड़ा जा सकेगा। इस योजना के तहत पहाड़ी, आकांक्षी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डे बनेंगे। बजट दस्तावेजों के मुताबिक उड़ान योजना में हवाई अड्डों के पुनरुद्धार और आरसीएस मार्गों की शुरूआत, पूर्वोत्तर कनेक्टिविटी के लिए बजट दिया गया।

इसमें कहा गया है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार, हवाई संपर्क और विमानन बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए एक नई योजना भी तैयार की गई है।

# ई-श्रम पोर्टल पर होगा एक करोड़ 'गिग वर्कर्स' का पंजीकरण

## बजट में गरीबों के लिए सरकार का बड़ा ऐलान

ई-श्रम
श्रमेव जयते

**नई दिल्ली।** निर्मला सीतारमण ने कहा, 'ऑनलाइन मंच के ह्यगिग वर्कर' न्यू एज सर्विस अर्थव्यवस्था को बहुत गतिशीलता प्रदान करते हैं। उनके योगदान को सम्मान देते हुए हमारी सरकार ई-श्रम पोर्टल पर उनके पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था करेगी।'

केंद्र सरकार ने बजट में गरीब तबके के लोगों के लिए बड़ा एलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार एक करोड़ 'गिग वर्कर्स' को मदद देने के लिए ई-श्रम मंच पर पंजीकरण की व्यवस्था शुरू करेगी। ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए डिलिवरी सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारी गिग कर्मियों की श्रेणी में आते हैं।

### पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था

केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि शहरी श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए एक योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा, 'ऑनलाइन मंच के ह्यगिग वर्कर' न्यू एज सर्विस अर्थव्यवस्था को बहुत गतिशीलता प्रदान करते हैं। उनके योगदान को सम्मान देते हुए हमारी सरकार ई-श्रम पोर्टल पर उनके पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था करेगी।

### एक करोड़ श्रमिकों को सहायता मिलने की संभावना

सीतारमण ने कहा कि ऐसे श्रमिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इससे करीब एक करोड़ श्रमिकों को सहायता मिलने की संभावना है।

### डेकेयर कैंसर केंद्रों की स्थापना

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि अगले वर्ष तक मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10,000 सीट जोड़ी जाएंगी, जबकि उसके अगले पांच वर्षों में 75,000 सीट और जोड़ी जाएंगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अजेर्टीना में एक व्यक्ति ने 7000 पेड़ों को इस आकार में उगाया जैसे एक गिटार हो। इसे उसने अपनी पत्नी को गिफ्ट दिया है।
- साओ पालो में 110 एकड़ का एक ऐसा आइलैंड है, जहां 4000 सांप रहते हैं। दुनिया का सबसे खतरनाक आइलैंड माना जाता है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।
- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

एक बार एक दादा–दादी ने जवानी के दिनों को याद करने का फैसला किया।
अगले दिन दादा फूल लेकर वहीं पहुंचे जहां वो जवानी में मिला करते थे,
वहां खड़े–खड़े दादा के पैरों में दर्द हो गया
लेकिन दादी नहीं आईं,
घर जाकर दादा गुस्से से, आईं क्यों नहीं?
दादी शमार्ते हुए,' मम्मी ने आने नहीं दिया'.

---

लड़की देखने हरीश सपरिवार पहुंचा।
उनके सामने लड़की के गुणों की प्रशंसा की जा रही थी।
लड़की वालों ने कहा, 'सीमा की आवाज कोयल जैसी है।
उसकी गर्दन तो मोरनी के जैसी है, चाल हिरणी जैसी और स्वभाव में से तो गाय है।
हरीश ने कहा, 'जी, क्या इसमें कोई इंसानी गुण भी हैं?

## 02 02 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


शमिता सेट्टी (अभिनेत्री)


आरव शर्मा


अविनाश सचान


ममता सिंह


प्रमीला


संगीता मिश्रा


स्तुति भूषण


दीपक सिरोही


नवीन गौतम


नंदलाल चावला


ईश्वर मावी


सुरेश शर्मा


देवेन्द्र सिंह


मनीश त्यागी


नंदलाल वर्मा



प्रवेज खान


पुश्पेन्द्र शुक्ला



देवकी नंदन


राजीव नरोका


शाकीब अलि


श्रवण यादव


मोहित मिश्रा


राम मनोहर


रवि गुप्ता


शोभित कुमार


दीपक वर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारतीय महिला टीम की नजर लगातार दूसरे खिताब पर, दक्षिण अफ्रीका से फाइनल मुकाबला






**कुआलालांपुर ।** टूनार्मेंट में अब तक अजेय रही भारतीय टीम रविवार को यहां महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में जब दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य लगातार दूसरा खिताब जीतना होगा। भारत का अब तक का अभियान शानदार रहा है और उसने टूनार्मेंट में अपने सभी छह मैच जीते हैं। निकी प्रसाद की अगुवाई वाली टीम ने अभी तक सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत ने वेस्टइंडीज (नौ विकेट), मलेशिया (10 विकेट), श्रीलंका (60 रन), बांग्लादेश (आठ विकेट), स्कॉटलैंड (150 रन) और इंग्लैंड (सेमीफाइनल में नौ विकेट) पर आसान जीत दर्ज की। गोंगाड़ी त्रिसा शानदार फॉर्म में सलामी बल्लेबाज गोंगाड़ी त्रिसा शानदार फॉर्म में हैं और छह पारियों में 66.25 की औसत से 265 रन बनाकर टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उनकी सलामी जोड़ीदार और बाएं हाथ की बल्लेबाज जी कमलिनी ने उनका अच्छा साथ दिया है। वह छह पारियों में 45 की औसत से 135 रन बनाकर सूची में तीसरे स्थान पर हैं, लेकिन भारत के लिए चिंता का विषय मध्यक्रम के बल्लेबाज होंगे जिन्हें अभी तक खेलने का बहुत कम मौका मिला है।

भारतीय टीम ने गेंदबाजी विभाग में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी स्पिनर वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची पहले दो स्थान पर है। जहां वैष्णवी 3.40 की औसत से 15 विकेट लेकर सबसे आगे हैं, वहीं आयुषी ने प्रतियोगिता में अब तक 5.91 की औसत से 12 विकेट लिए हैं। उम्मीद है कि यह जोड़ी फाइनल में भी यहां धीमे और टर्निंग विकेट पर अहम भूमिका निभाएगी।

### दक्षिण अफ्रीका के सामने मुश्किल चुनौती

दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की शानदार जीत के बाद पहली बार आईसीसी महिला अंडर19 टी20 विश्व कप फाइनल के लिए क्वालिफाई किया और उसे अब भारत की मजबूत टीम से पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका: जेम्मा बोथा, सिमोन लॉरेन्स, फे काउलिंग, कायला रेनेके (कप्तान), काराबो मेसो (विकेटकीपर), मिके वैन वूर्स्ट, सेशनी नायडू, लुयांडा नजुजा, एशले वान विक, मोनालिसा लेगोडी, नथाबिसेंग निनी।

# शानदार पारी खेलने के बाद बल्लेबाजी को लेकर हार्दिक ने दिया बयान



**पुणे ।** भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने पुणे में इंग्लैंड में खिलाफ खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था और 53 रनों की पारी खेली थी। हार्दिक इस सीरीज में गेंदबाजी में भी भूमिका निभा रहे हैं और दूसरे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के तौर पर गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन चौथे मैच में उन्होंने बल्ले से भी दम दिखाया। हार्दिक ने कहा कि वह बल्लेबाजी की सफलता को अपने दिल के करीब रखते हैं।

### हार्दिक ने बल्लेबाजी में दिखाया था कमाल

हार्दिक बल्ले से योगदान देकर काफी खुश हैं और उनका कहना है कि जब भी वह बड़ा स्कोर बनाकर भारत की जीत में योगदान देते हैं तो उनके लिए यह अहसास काफी सुखद होता है। भारत ने यह मुकाबला 15 रनों से जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें पांड्या अपनी बल्लेबाजी को लेकर बात कर रहे हैं।

हार्दिक ने कहा, बल्लेबाजी मेरी पहली पसंद है या मेरे दिल के अधिक करीब है। यह मेरे लिए काफी संतुष्ट करने वाला दिन रहा। इस तरह का योगदान सोने से पहले मुझे एक अद्भुत एहसास देता है और उसके बाद मुझे हमेशा अच्छी नींद आती है।

हार्दिक ने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में अपनी गेंदबाजी से कमाल करते हुए भारत को चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि क्रिकेट उनके लिए जीवन जीने का एक तरीका है और वह बाकी सभी चीजों पर इसे प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा, मैं इस खेल को बहुत ज्यादा पसंद करता हूं। यह मेरा जीवन रहा है, यह मेरी प्राथमिकता रही है, यह मेरा पहला प्यार रहा है। खेल ज्यादा इंतजार नहीं करता है, इसमें आपको मेहनत का फल मिलता है। खेल ने मुझे इतना प्यार दिया है कि मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि मुझे खेल के प्रति बहुत ईमानदार और बहुत वफादार बनना होगा।

# एक ओवर में तीन विकेट गंवाना बदतर था भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने दिया बयान



**नई दिल्ली ।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड पर 15 रन की जीत के बाद जीत का श्रेय टीम के एकजुट प्रदर्शन को दिया, लेकिन कहा कि एक ओवर में तीन विकेट गंवाना बदतर था। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम लेग स्पिनरों रवि बिश्नोई (28 रन पर तीन विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (28 रन पर दो विकेट) तथा हर्षित राणा (33 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.4 ओवर में 166 रन पर सिमट गई।

भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने 30 गेंद में चार छक्कों और इतने ही चौकों से 53 रन की पारी खेलने के अलावा शिवम दुबे (53 रन, 34 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की जिससे टीम 12 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद नौ विकेट पर 181 रन बनाने में सफल रही। मेजबान टीम ने अंतिम पांच ओवर में 68 रन जुटाए।

इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जेमी ओवरटन ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, 'सभी ने बेहतरीन प्रयास किया। शानदार दर्शक, उन्होंने हमेशा हमारा समर्थन किया। एक ओवर में तीन विकेट गंवाना बहुत खराब था। हार्दिक और दुबे ने जिस तरह से अपना अनुभव दिखाया वह शानदार था।' उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं झ आप उसी तरह से बल्लेबाजी करें जैसे नेट पर करते हैं।

# वनडे क्रिकेट में कभी आउट नहीं हुए भारत के ये बल्लेबाज, अब गुमनामी में खो गए



**नई दिल्ली ।** क्रिकेट इतिहास में एक से बढ़कर एक धुरंधर बल्लेबाज शुमार हुए, जिन्होंने रनों और शतकों की झड़ी लगाई है, लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि कुछ भाग्यशाली बल्लेबाज ऐसे भी रहे हैं, जो अपने वनडे करियर में कभी भी आउट नहीं हुए. भारत के तीन बल्लेबाज ऐसे हैं, जो वनडे में कभी भी आउट नहीं हुए, लेकिन अब वह गुमनामी के अंधेरे में खो गए और उनका करियर खत्म हो गया. आइए एक नजर डालते हैं, ऐसे ही कुछ 3 भारतीय बल्लेबाजों पर सौरभ तिवारी ने जब इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा, तो उन्हें धोनी का डुप्लीकेट कहा जाता था. सौरभ तिवारी के लंबे-लंबे बाल देखकर लोग उनकी तुलना धोनी से करते थे. सौरभ तिवारी ने क्ढछ में शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया में जगह बनाई थी. सौरभ तिवारी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 2010 में वनडे डेब्यू किया था. सौरभ तिवारी ने टीम इंडिया के लिए सिर्फ तीन वनडे मैच खेले, जिसमें वह सिर्फ दो पारियों में ही बल्लेबाजी कर पाए. सौरभ तिवारी इन दोनों पारियों में नॉटआउट रहे. इसके बाद उन्हें टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. वनडे क्रिकेट में नॉटआउट बल्लेबाज रहते हुए सौरभ तिवारी के करियर का अंत हो गया. फैज फजल ने घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और यही कारण रहा कि उन्हें टीम इंडिया में भी मौका दिया गया।

# अरुण जेटली स्टेडियम में सुरक्षा में चूक, बैरिकेडिंग तोड़कर कोहली से मिलने मैदान पर पहुंचे 3 फैंस

**नई दिल्ली ।** दिल्ली और रेलवे के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान शनिवार को तब सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली जब तीन अति उत्साही प्रशंसक विराट कोहली से मिलने के लिए बैरिकेडिंग तोड़कर मैदान में पहुंच गए। प्रशंसकों के लिए अपने क्रिकेट नायकों से मिलने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़ना आम बात है, लेकिन ऐसा अक्सर अंतरराष्ट्रीय मैचों में देखने को मिलता है। अब रणजी में भी सफल रहा था।

कोहली को खेलते हुए देखने के लिए पहले दिन लगभग 12000 दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। कोहली को हालांकि मैच के दूसरे दिन बल्लेबाजी करने का मौका मिला और उन्होंने 15 गेंदों पर छह रन बनाए। तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने पूर्व भारतीय कप्तान का ऑफ स्टंप उखाड़कर उनका बेशकीमती विकेट लिया। कोहली के फेल होने के बावजूद दिल्ली की टीम रेलवे को हराने में कामयाब रही।





ऐसा हुआ है। कोहली की रणजी ट्रॉफी में 12 साल बाद वापसी के कारण भारी संख्या में फैंस अरुण जेटली स्टेडियम में पहुंचे थे। अमूमन रणजी ट्रॉफी मैच खाली स्टेडियम में खेले जाते रहे हैं।

इस मैच में कोहली की उपस्थिति के कारण कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, लेकिन इसके बावजूद तीन प्रशंसक 20 से अधिक गार्डों के समूह को चकमा देकर मैदान पर आने में कामयाब रहे। इन तीनों प्रशंसकों को हालांकि तुरंत ही पकड़ लिया गया और वह कोहली के करीब नहीं जा पाए। यह घटना लंच से ठीक पहले घटी जब कोहली कवर पर फील्डिंग कर रहे थे। मैच के पहले दिन भी एक प्रशंसक मैदान पर उतरकर भारतीय सुपरस्टार के पांव छूने में

दिल्ली ने रेलवे को पारी और 19 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे ने अपनी पहली पारी में 241 रन बनाए थे। उपेंद्र यादव ने 95 रन और कर्ण शर्मा ने 50 रन की पारी खेली थी। हिमांशु सांगवान ने 29 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की पहली पारी 374 रन पर समाप्त हुई थी। सनत सांगवान 30 रन, यश ढुल 32 रन और प्रणव रघुवंशी 39 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान आयुष बडोनी ने 99 रन की पारी खेली, जबकि सुमित माथुर ने 86 रन बनाए। कोहली छह रन बना सके। दिल्ली को दूसरी पारी में 133 रन की बढ़त हासिल थी। रेलवे की दूसरी पारी 114 रन पर समाप्त हुई और इस तरह दिल्ली की टीम ने पारी और 19 रन से जीत दर्ज की।

# कन्कशन सब्स्टीट्यूट विवाद के बीच हर्षित राणा के सपोर्ट में पूर्व इंग्लिश कप्तान



**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और मौजूदा कमेंटेटर केविन पीटरसन ने भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए चौथे टी20 के दौरान हुए कन्कसन सब्स्टीट्यूट विवाद के बीच भारतीय गेंदबाज हर्षित राणा का सपोर्ट किया है। उन्होंने इस दौरान राणा की गेंदबाजी की भी जमकर तारीफ की। बता दें, भारतीय पारी के आखिरी ओवर में शिवम दुबे के हेलमेट पर गेंद लगी थी जिसकी वजह से वह दूसरी पारी में फील्डिंग करने नहीं आए थे। बतौर कन्कशन सब्स्टीट्यूट हर्षित राणा उनकी जगह मैदान पर उतरे और अपनी गेंदबाजी से तबाही मचाई। राणा ने 4 ओवर के कोटे में 33 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाए और इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर का कैच भी पकड़ा। पीटरसन ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स पर कहा।

# भारत को फायदा, शिवम-हर्षित कन्कशन विवाद पर पूर्व क्रिकेटर्स ने दी राय



**पुणे ।** भारत ने शुक्रवार को पुणे में खेले गए टी20 में इंग्लैंड को 15 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। हालांकि, टीम इंडिया की जीत से ज्यादा चर्चा शिवम दुबे के कन्कशन सब्स्टिट्यूट के तौर पर मैदान पर आए हर्षित राणा की हो रही है। हर्षित मैदान पर आए और उन्होंने बाजी पलट दी। तीन विकेट लेकर उन्होंने इंग्लैंड के मध्यक्रम को धराशाई कर दिया। हालांकि, अब कुछ पूर्व क्रिकेटर्स लाइक टू लाइक सब्स्टिट्यूट के नियम का हवाला देकर हर्षित के मैदान पर आने को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन से लेकर केविन पीटरसन, एलिस्टेयर कुक और निक नाइट तक ने इसकी आलोचना की है और कहा कि हर्षित दुबे के लाइक टू लाइक रिप्लेसमेंट नहीं थे। इसके अलावा हर्षा भोगले और आकाश चोपड़ा ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी है।

आकाश ने एक्स पर लिखा, 'अगर हर्षित गेंदबाजी करते हैं तो यह वास्तव में एक लाइक टू लाइक रिप्लेसमेंट नहीं है...जो की उन्होंने की (गेंदबाजी)। रमनदीप दुबे के लिए सही 'कनकशन रिप्लेसमेंट' थे।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक्स पर लिखा, 'कैसे एक पूर्ण रूप से तेज गेंदबाज एक ऐसे बल्लेबाज की जगह मैदान पर आ सकता है जो पार्ट टाइम गेंदबाजी करता हो पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कमेंट्री के दौरान चुटकी लेते हुए कहा कि टदोनों खिलाड़ियों (शिवम दुबे और हर्षित राणा) का आकार और कद समान है।' हर्षा भोगले ने कमेंट्री के दौरान कहा, 'हर्षित राणा के आने से भारत को काफी फायदा मिला।'

### पीटरसन और कुक ने जताई नाराजगी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने दुबे की जगह राणा को लाने के भारत के कदम की काफी आलोचना की। पीटरसन ने कहा कि एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज एक ऑलराउंडर की जगह कैसे ले सकता है।

# छठे नंबर पर हार्दिक-शिवम ने की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी साकिब को मेडन ओवर में 3 विकेट, रचा इतिहास



**पुणे ।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला पुणे में खेला गया। इस मैच में भारतीय टीम ने जोस बटलर की सेना को 15 रनों से हराकर 3-1 से सीरीज में अजेय बढ़त बनाई और घर में लगातार 17वीं सीरीज अपने नाम की।

### साकिब महमूद ने रचा इतिहास

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड की टीम दो बदलावों के साथ उतरी और साकिब महमूद और जैकब बेथेल को मौका दिया। साकिब ने इस मौके को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर में तीन विकेट चटकाए और भारत के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। पहली गेंद पर संजू सैमसन (1) को पवेलियन भेजा, दूसरे गेंद पर तिलक वर्मा (0) को आउट किया। इसके बाद ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान सूर्यकुमार यादव (0) को भी लौटने पर मजबूर कर दिया।

दिलचस्प बात यह है कि इस ओवर में साकिब ने कोई भी रन खर्च नहीं किया यानी मेडन ओवर फेंका। इसी के साथ वह भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में मेडन ओवर में तीन विकेट चटकाने वाले इंग्लैंड या किसी भी टीम के पहले गेंदबाज बन गए। इसके अलावा उन्होंने पारी के दूसरे ओवर को मेडन फेंकने और इसी ओवर में तीन विकेट चटकाने के मामले में जमैका के जेरोम टेलर की बराबरी कर ली। पूर्व गेंदबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2007 में यह कारनामा किया था।

### हार्दिक-शिवम बने संकटमोचक

79 के स्कोर पर पांच विकेट खो चुकी भारतीय टीम को एक बड़ी साझेदारी की जरूरत थी। ऐसे में हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे टीम के लिए संकटमोचक साबित हुए। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी हुई। भारतीय ऑलराउंडर ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पांचवां पचासा 27 गेंदों में जड़ा जबकि तिलक ने 31 गेंदों में टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर चौथा पचासा जड़ा। दोनों इस मैच में 53-53 रनों की शानदार पारियां खेलने में कामयाब हुए।

**छठे विकेट के लिए हार्दिक-शिवम के बीच हुई दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी :** दोनों के बीच छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए दूसरे सबसे बड़ी साझेदारी हुई। इस मामले में शीर्ष पर सूर्यकुमार यादव और अक्षर पटेल हैं। दोनों के बीच 2023 में श्रीलंका के खिलाफ पुणे में खेले गए मुकाबले में 91 रनों की सबसे बड़ी साझेदारी हुई थी।

**ऐसा करने वाली दूसरी जोड़ी बनी हार्दिक-शिवम की जोड़ी :** इस मुकाबले में दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारियां खेली।

# दो बदलाव के साथ उतरेगी भारतीय टीम, हार का अंतर कम करने पर होगी इंग्लैंड की नजर




**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की सीरीज का आखिरी टी20 मुकाबला 2 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम पहले ही सीरीज 3-1 से अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में आखिरी टी20 में मैन इन ब्लू की कोशिश बढ़त हासिल करने पर होगी। दूसरी ओर सीरीज गंवा चुकी इंग्लैंड टीम 5वां टी20 जीतकर वनडे सीरीज खेलना चाहेगी।

### भारत की प्लेइंग 11 में हो सकते 2 बदलाव

भारतीय टीम सीरीज जीत चुकी है, ऐसे में 5वें टी20 में भारत की प्लेइंग 11 में 2 बदलाव देखने को मिल सकते हैं। चौथे टी20 में चोटिल होने वाले शिवम दुबे का पत्ता कट सकता है। उनके कन्कशन सब्स्टीट्यूट हर्षित राणा को प्लेइंग 11 में जगह दी जा सकती है। पिछले टी20 में राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी की थी। अपने करियर के पहले टी20 इंटरनेशनल में राणा ने 4 ओवर गेंदबाजी की थी और 8.20 की इकॉनमी से 33 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए थे।

शमी की हो सकती वापसी इसके अलावा सूर्यकुमार यादव प्लेइंग 11 में एक और बदलाव कर सकते हैं। तीसरे टी20 से इंटरनेशनल क्रिकेट में 14 महीने बाद वापसी करने वाले मोहम्मद शमी को पिछले मैच में बेंच पर बैठा दिया गया था।

अब आखिरी मुकाबले में अर्शदीप सिंह को आराम देकर शमी को एक बाद फिर मौका दिया जा सकता है। इसके बाद शमी को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज भी खेलनी है। इस वनडे सीरीज से भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी भी करेगी।

भारत की ओर से पारी की शुरूआत संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ही कर सकते हैं। इस सीरीज में संजू का बल्ला नहीं चला है। ऐसे में उनकी पूरी कोशिश फॉर्म में वापसी पर होगी। 3 नंबर पर तिलक वर्मा और 4 पर सूर्यकुमार यादव को उतारा जा सकता है। पिछले कई मैच से सूर्या बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाएं हैं। ऐसे में भारतीय टी20 कप्तान अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे।

### भारत की संभावित प्लेइंग 11

संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

# पार्षद बोले, नाली को कैसे बंद कर सकते हैं लोग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड नंबर 57 में नाली बंद को लेकर पार्षद राधेश्याम त्यागी ने मोके पर जाकर लोगों से बात की और कहा 50 साल पुरानी नाली को लोग कैसे रोक सकते है। उन्होंने इसकी शिकायत नगरायुक्त से की है, उन्होंने बताया कि मकनपुर गांव की 1975 से नाली बनी हुई है, जो अब विधायक कॉलोनी की और जाती है। कॉलोनी के कुछ लोगों ने उसे नाली में ईंटे डालकर बंद करने का प्रयास किया है। उनका कहना है कि यदि नाली बंद हो गई तो गांव का पानी कहां जाएगा। नगर निगम निर्माण विभाग जेई पूजा सिंह का कहना है, कि नाली बंद करने का किसी को कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग पुलिया का विरोध कर रहे हैं, लेकिन अब नाली का निर्माण किया जाएगा, जिसे कोई समस्या नहीं होगी।



**गांव निवासी सत्य प्रकाश त्यागी** ने बताया कि गांव की यह नाली 1975 से कॉलोनी की और पानी जाता है। 2 साल पहले भी इन्होंने इस नाली को रोकने का प्रयास किया था। लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाली को खुलवा दिया गया था। उन्होंने बताया नाली को बंद करके पानी कहां जाएगा।



**गांव निवासी अशोक त्यागी** का कहना है कि कॉलोनी के लोग कई बार नाली बंद कर पानी रोकने का प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि कॉलोनी तो अब बसी है लेकिन गांव तो बहुत पुराना है पहले से ही नाले का पानी इस और जाता है लेकिन आए दिन कॉलोनी के लोग नाली बंद करने का प्रयास करते हैं इसका समाधान होना चाहिए जिससे लोगों में झगड़ा ना हो।

# आवासीय वृद्धाश्रम में पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

## अच्छे विचार और अच्छी सोच से हम सकारात्मक कार्य कर सकते है : डॉ नीलम शर्मा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को आवासीय वृद्धाश्रम दुहाई में उजाला समिति की संगठन मंत्री ऋतु गुप्ता ने अपना जन्मदिन अर्जुन की छाल का पौधा रोपित कर और आश्रम में मिक्सी ग्लाइडर देकर मनाया वृद्धाश्रम में संस्था की तरफ से आश्रम में रहने वाले सभी सीनियर सिटीजन को मिठाई , गजक, और नमकीन वितरित की गई संस्था द्वारा आटा भी दिया गया वृद्ध आश्रम में संस्था के सभी सदस्यों ने वहाँ पर रहने वाले सभी सीनियर सिटिजन से बात की उनकी समस्याओं को समझा और उससे पूछा कि यहाँ पर कोई आपको परेशानी तो नहीं है सभी बोहोत खुश थे और उन्होंने कहा कि आप हमारे पास यहाँ मिलने के लिए आया करे हम सब को बहुत अच्छा लगता है कि जब कोई हम से मिलने के लिए आता है समिति अध्यक्ष डॉ नीलम शर्मा ने कहा कि हमें अपना जन्मदिन सादगी के साथ और ऐसा मनाना चाहिए जिससे हम कुछ ऐसा काम कर पाएं कि दूसरों के चेहरे पर मुस्कराहट आ जाए ममता माया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता गुप्ता भी साथ रही उन्होंने भी वहां पर उपस्थित सभी सीनियर सिटीजन से उनका हाल पूछा और मिठाई वितरित की इंचार्ज इन्द्रेश ने सभी का आभार व्यक्त किया कि आपने यहां आकर अपना जन्मदिन मनाया वहां की इंचार्ज इंद्रेश कुलश्रेष्ठ भूपेन्द्र गुप्ता ,ममता गुप्ता ,डॉ नीलम शमी और सभी सीनियर सिटीजन उपस्थित रहे।

# 5 स्टार होटल और हॉलिडे पैकेज के नाम पर करता था ठगी, गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** टूर एंड ट्रैवल के नाम पर पैकेज बुक कर करता था धोखाधड़ी। फ्री गिफ्ट वाउचर और 4 और 5 सितारा होटल में हॉलिडे पैकेज बुक करने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गैंग के प्रमुख आरोपी को थाना सेक्टर-20 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक फॉरच्यूनर कार और 4100 रुपए कैश मिला है। इसके बाकी साथियों की तलाश की जा रही है। इन लोगों ने सेक्टर-18 में अपनी कंपनी खोली थी। वहीं से ठगी की घटना करते थे। इसके बाद मोबाइल और कंपनी बंद कर फरार हो गए। इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।




पीड़ित कमल सक्सेना ने नवंबर में थाना सेक्टर-20 पुलिस से शिकायत की। 23 सितंबर 2023 को उनके पास रोजेट ग्रांड वैकेशन एंड रिसोर्ट प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी एक फोन आया। जिसमें उनको एक कांप्लीमेंट्री डिनर और एक पांच सितारा होटल में दो रातों का फ्री गिफ्ट बाउचर देने की बात कही। जिसके बाद कमल और उनकी पत्नी दोनों उनके बताए गए गौर सिटी के पास एक मॉल में गए। वहां जालसाजों ने कंपनी का प्रजेंटेशन दिया। और उनको कंपनी से हॉलिडे पैकेज लेने के लिए प्रेरित किया। 1.35 लाख रुपए दिए बातों में आने के बाद पीड़ित ने उनको 1 लाख 35 हजार रुपए का पेमेंट ऑनलाइन कर दी। इसके बाद उन्होंने अक्टूबर महीने में कंपनी से हॉलिडे पर जाने के लिए कहा। कंपनी ने टरका दिया। इसके बाद वे लगातार कंपनी से बातचीत करते रहे लेकिन किसी ने नहीं सुनी। अंत में कंपनी के सेक्टर-18 स्थित ऑफिस पहुंचे। कंपनी बंद थी और सभी फरार थे। नवंबर 2024 में की शिकायत पीड़ित ने नवंबर 2024 को कोतवाली थाना सेक्टर-20 में उक्त कंपनी के दोनों डायरेक्टर शेखर चौधरी और मनोज कुमार, कंपनी के मैनेजर प्रिंस मिश्रा समेत 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने इलेक्ट्रिक सर्विलांस के आधार पर मुख्य आरोपी शेखर चौधरी को लाल पैथ लैब सेक्टर 18 के पास से गिरफ्तार किया है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या

## एक महीने पहले मिला था शव, पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया अरेस्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पति की हत्या का मामला सामने आया है, जिसमें मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना इंदिरापुरम पुलिस के अनुसार, 3 दिसंबर को ग्रीन बेल्ट में मिले शव की पहचान गजराज के रूप में हुई थी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गजराज निर्माण कार्य का ठेकेदार था। जांच में पता चला कि गजराज की पत्नी कपूरी का जय कुमार नाम के व्यक्ति के साथ अवैध संबंध था। 3 दिसंबर को जब कपूरी अपने प्रेमी से मिलने गई, तो गजराज ने उनका पीछा किया। जब उसने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखा, तो घबराहट में कपूरी और जय कुमार ने मिलकर गजराज का गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी जय कुमार भी निर्माण कार्य का ठेकेदार है। पुलिस ने एक महीने की जांच के बाद इस मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना प्रेम संबंधों में हत्या का एक और मामला है, जो अवैध संबंधों के खतरनाक परिणामों को दशार्ता है।



# अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाला बजट: मनोज गोयल

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज बजट पेश किया गया। इस बजट में मिडिल क्लास गरीब और किसानों को भरपूर फायदा हुआ 12 लाख रुपए की आय पर कोई टैक्स न लगाकर सरकार ने मिडिल क्लास को बड़ा तोहफा दिया है। किसानों को 5 लाख रुपए का लोन कम ब्याज पर देने के घोषणा की गई है,, युवाओं के लिए डॉक्टर के लिए कॉलेज में सीट बढ़ाने की घोषणा की गई है।

इस बजट में हर वर्ग को लाभ मिलेगा औद्योगिक क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा भारत के इतिहास में इस बजट की कितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। सरकार का खजाना भरने की बजाय, देश के नागरिकों की जेब और बचत बढ़ाने पर केंद्रित है। यह बजट नागरिकों के विकास को बढ़ावा देने और उन्हें विकास का भागीदार बनाने के लिए मजबूत नींव रखता है। इस दृष्टिकोण से बजट पूरी तरह से अलग है।सरकार का खजाना भरने की बजाय, देश के नागरिकों की जेब और बचत बढ़ाने पर केंद्रित है। यह बजट नागरिकों के विकास को बढ़ावा देने और उन्हें विकास का भागीदार बनाने के लिए मजबूत नींव रखता है। इस दृष्टिकोण से बजट पूरी तरह से अलग है।



# दरोगा को मोबाइल लूटकर भागा बदमाश गिरफ्तार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में पुलिस ने एक माह पुराने मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने उस बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक दरोगा से मारपीट कर उनका मोबाइल लूट लिया था। मामले में शामिल अन्य आरोपियों ने गाजियाबाद कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। घटना 31 दिसंबर 2024 की रात की है। भोजपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक शीलचंद्र खाना खाने के लिए गांव भोजपुर के एक ढाबे की ओर जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनका मोबाइल छीन लिया। जब उपनिरीक्षक ने विरोध किया तो बदमाशों ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और फरार हो गए।



एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, पुलिस ने गांव तहलैटा मढैया के रहने वाले अंकित को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह और उसके साथी नए साल की पार्टी मनाने के लिए पैसों की व्यवस्था करने निकले थे। इसी दौरान उन्होंने उपनिरीक्षक का मोबाइल लूट लिया। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में शामिल कई अन्य आरोपियों ने पहले ही कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

# पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर जानलेवा हमला

## लोहे की रॉड और फरसे से किया वार

### नाबालिग बेटी समेत 3 घायल, 10 के खिलाफ केस




**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित अच्छेजा बुजुर्ग गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। शुक्रवार रात को हुई इस वारदात में पड़ोसियों ने लोहे की रॉड और फरसे से हमला कर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित लुत्फअली ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर में मौजूद थे, तभी कुछ लोग उनके भतीजे की तलाश में आए। भतीजे के नहीं मिलने पर आरोपियों ने उनके घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में लुत्फअली, उनकी नाबालिग बेटी और परिवार का एक अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज जारी है। पीड़ित ने शनिवार को दनकौर कोतवाली में नसरत, वाहिद, पप्पू, तौहीद, राशिद, शाहरुख सहित कुल 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों से उनका पुराना विवाद चल रहा था। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# भाकियू के 6 कार्यकर्ताओं सहित 36 पर एफआईआर

### अस्पताल में बिल को लेकर हुआ विवाद, स्टाफ से अभद्रता करने का आरोप




**नोएडा (करंट क्राइम)।** जेवर में स्थित कैलाश हॉस्पिटल में बिल को लेकर हुए विवाद में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के छह कार्यकताओं सहित 36 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर एके सिंह की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। घटना शुक्रवार की है, जब एक मरीज को डिस्चार्ज किया जा रहा था। बिल के भुगतान के दौरान मरीज के परिजनों ने विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौच करने लगे। जब सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोका, तो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और आरोपियों ने अस्पताल कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। साथ ही बिल मांगने पर जान से मारने की धमकी दी और अस्पताल में तोड़फोड़ की धमकी भी दी। पुलिस ने बीकेयू टिकैत संगठन के विजय तालान, बच्चू, पवन, सुंदर बालियान, संजय प्रधान और गौरव शर्मा सहित 30 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के समय आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए थे।




## क्या फिर बदलेंगे दो जोन के समीकरण

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले अभी ऊपर वाली लिस्ट महाकुंभ हादसे की वजह से होल्ड पर चली गई हो, पर कमिश्नरेट में लोकल तबादलों को लेकर जल्द ही कोई नई सूचना मिल सकती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लोकल समीकरण बदलने की बात की जा रही है। कहा जा रहा है कि दो जोन ऐसे हैं जहां जल्द ही थाना प्रभारी स्तर पर समीकरण बदल सकते हैं। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इसमें नदिया पार और देहात वाला जोन शामिल है। तो वहीं सिटी वाले को लेकर मामला अभी सेफ बताया जा रहा है। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देहात के एक थाने को लेकर अधिकारी नाराज हैं और अधिकारी की नाराजगी हॉट सीट पर खतरा ला सकती है। तो वही नदिया पार के भी समीकरण कुछ बदलने की सूचना सूत्रों द्वारा दी गई है। देखना होगा कि यह बदलाव वाला समय कब आता है और किस पर इसका सीधा असर दिखाई देता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी को लेकर अभी मामला राइट वाला चल रहा है, क्योंकि यहां की व्यवस्था टाइट चल रही है। तो देहात और नदिया पार के नाम की चर्चा बदलाव में आने का मतलब है कि यहां कुछ फेस रस से आउट हो सकते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वही नदिया पार के एक नए सर्किल को लेकर भी कुछ चर्चा पुलिस के अधिकारियों के कार्यालय में सुनाई दे रही है । उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिसटम में एक अभियान विस्तृत रूप से पुलिस द्वारा संचालित किया जा रहा है, इसके भी आने वाले दिनों में इफेक्ट और साइड इफेक्ट नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि कहीं खाकी और खादी के बीच में टकराव वाली स्थिति ना हो जाए, क्योंकि जिस तरीके से शनिवार को एक इलाके में भीड़ और परेशान लोगों के जमा होने का मामला सामने आया है, यह स्थिति आने वाले दिनों में कई और जोन में भी दे सकती है। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बाजार वाला मामला बहुत हाई लेवल तक सेट रहता है। देखना होगा कि इसमें पुलिस कितना सेफ गेम खेल पाती है और अधिकारियों को इस पूरे अभियान में कितनी सफलता मिलती है। वैसे कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले लोकल सूत्र जानकारी दे रहे हैं की लोकल स्तर पर जल्द ही दो जोन के समीकरण बदलने की भरपूर संभावना सूत्रों द्वारा बताई जा रही है।




# कृषि विभाग का अफसर बनकर की लाखों की ठगी

## शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार, सोलर पंप के नाम पर सैकड़ों लोगों को लगाया चूना

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोलर पंप के नाम पर ठगी करने वाले शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आगरा के फतेहाबाद के रहने वाले प्रदीप वर्मा नाम का यह अपराधी कृषि विभाग का अधिकारी बनकर लोगों को अपना शिकार बनाता था। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्य सिंह के अनुसार, इस साल बाबूगढ़ थाने में दर्ज एक मामले में एक व्यक्ति से 2,86,164 रुपए की ठगी सामने आई थी। जांच में पता चला कि आरोपी ने सरकारी वेबसाइट agriculture.up.gov.in से किसानों का डेटा चुराकर उन्हें अपना निशाना बनाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया आरोपी की कार्यप्रणाली बेहद चालाक थी। वह वेबसाइट से किसानों के नाम, पते और मोबाइल नंबर प्राप्त करता और फिर कृषि विभाग का अधिकारी बनकर उन्हें फोन करता। सोलर पंप के लिए सरकारी अनुदान का झांसा देकर फर्जी खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लेता था। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन, तीन हजार रुपये नगद और कृषि विभाग की फर्जी रसीदें बरामद की हैं। पूछताछ में सामने आया कि अब तक यह शातिर अपराधी सैकड़ों लोगों को अपना शिकार बना चुका है। लाखों रुपयों की ठगी कर चुका है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड जवाबी फायरिंग में 2 घायल

## 15 लाख के चोरी के आरआरयू यूनिट के साथ अरेस्ट किया

**नाएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों के पास से चोरी के चार आरआरयू यूनिट, दो अवैध तमंचे और एक क्रेटा कार बरामद की गई है।

बिसरख थाना पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और स्थानीय सूचना तंत्र से जानकारी मिली थी कि कुछ बदमाश चोरी के आरआरयू यूनिट बेचने आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने एसकेएस तिराहे पर चेकिंग अभियान शुरू किया। जब एक काली क्रेटा कार दिखाई दी, तो पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन कार चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ाकर चिपियाना मार्ग की तरफ भागने की कोशिश की।

पुलिस द्वारा घेराबंदी किए जाने पर बदमाश कार से कूदकर भागने लगे और पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाशों की पहचान गाजियाबाद निवासी अतुल और बादल के रूप में हुई है। यह मुठभेड़ सेंट्रल नोएडा में जारी पुलिस कार्रवाई का हिस्सा है, जहां अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



# दक्षिणी गाजा में हमास ने रेड क्रॉस को सौंपे दो बंधक
## मार्च तक चलेगा युद्धविराम का पहला चरण

**खान यूनिस ।** इस्राइल के साथ युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने दक्षिणी गाजा पट्टी में दो बंधकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया। इस साल की शुरूआत में 19 जनवरी से शुरू हुए इस युद्ध विराम का उद्देश्य इस्राइल और हमास के बीच घातक और विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करना है। बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम का पहला चरण मार्च की शुरूआत तक चलेगा, जिसमें हमास इस्राइल के 33 बंधकों को रिहा करेगा। इसके बदले में इस्राइल करीब दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने के लिए तैयार हुआ है।

हमास ने अमेरिकी इस्राइली बंधक कीथ सीगल को रेड क्रॉस को सौंप दिया। वे इस्राइल के साथ युद्धविराम समझौते के तहत शनिवार को रिहा किए जाने वाले तीसरे बंधक हैं। इससे पहले, आतंकवादियों ने



दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में 35 वर्षीय यार्डन बिबास और 54 वर्षीय फ्रांसीसी-इजरायली ओफर काल्डेरोन को रेड क्रॉस को सौंप दिया था।

### हमास और इस्राइल के बीच युद्धविराम समझौता

इस युद्धविराम के दौरान पहले तीन बंधकों को रिहा किया गया था, जिसके बदले में इस्राइल की तरफ से पकड़े गए 90 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया था। इसके बाद हमास ने आठ बंधकों को रिहा किया, जिसमें तीन इस्राइली और पांच थाईलैंड के नागरिक शामिल हैं। बदले में इस्राइल ने भी 110 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया।

### 15 महीने तक चला युद्ध

सात अक्तूबर 2023 को हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। इस हमले में करीब 1,200 इस्राइली नागरिक मारे गए थे। हमास ने करीब ढाई सौ लोगों को बंधक बना लिया था। इसके बाद इन्हें गाजा ले जाया गया। इसके जवाब में इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले शुरू किए। इस्राइली हमलों में 46,000 से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं। इस युद्ध के कारण गाजा पट्टी की 90 फीसदी आबादी को विस्थापन का सामना करना पड़ा है। वहीं, लोगों के सामने भुखमरी का संकट भी खड़ा हो गया। इस्राइल द्वारा रिहा किए जाने वाले कैदियों में से कई ऐसे हैं, जो आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। इस्राइल के करीब 90 बंधक अभी भी हमास की कैद में हैं।

# न्यूयॉर्क के डॉक्टर पर लगा गर्भपात की गोली लिखने का आरोप

**बैटन रूज।** न्यूयॉर्क के एक डॉक्टर पर दूसरे राज्य की महिला को ऑनलाइन गर्भपात की गोली लिखने का आरोप लगा है। अमेरिकी राज्य लुइसियाना के ग्रैंड ज्यूरी ने डॉक्टर, दवा कंपनी और एक अन्य युवक पर इस कृत्य के खिलाफ अभियोग जारी



किया है। अमेरिकी राज्य लुइसियाना में गर्भपात पर सख्त प्रतिबंध है। लुइसियाना में गर्भपात पर कानून बनने के बाद यह पहला मामला है। स्ट बैटन रूज के पैरिश के लिए जिला न्यायालय में ग्रैंड जूरी सदस्यों ने डॉ. मार्गरेट कारपेंटर, उसकी कंपनी, नाइटिंगेल मेडिकल, पीसी और एक तीसरे व्यक्ति पर गर्भपात दवाओं के जरिये अपराध करने का आरोप लगाया है।

# श्रीलंका ने कारों के आयात से हटाया प्रतिबंध, आर्थिक हालात सुधारने के लिए राष्ट्रपति का बड़ा फैसला

**कोलंबो ।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने अब कारों के आयात से प्रतिबंध हटा लिया है। पिछले सप्ताह श्रीलंका ने ट्रकों, बसों और डबल कैब के आयात की अनुमति दी थी।

शुक्रवार को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने एक विशेष राजपत्र अधिसूचना जारी करके वाहन आयात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया। इसके बाद कोरोना प्रकोप के साथ 2020 की शुरूआत में लगाए गए वाहन आयात पर प्रतिबंध पूरी तरह से समाप्त हो गया है। बताया जाता कि वाहनों के आयात शुल्क पर 50 प्रतिशत का सरचार्ज लगेगा। इससे कीमतें बढ़ने की उम्मीद है। राष्ट्रपति दिसानायके ने पहले घोषणा की थी कि 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाहन आयात के लिए आरक्षित किए जाएंगे।

### 2022 में पहली बार डिफॉल्ट हुआ था द्वीप राष्ट्र

श्रीलंका ने 2022 में पहली बार आधिकारिक तौर पर ऋण चुकाने में



असमर्थता जताई थी। इसके बाद देश में आर्थिक संकट पैदा हुआ। भोजन, ईंधन और गैस की किल्लत हो गई थी। लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने लगे थे। इन विरोध प्रदर्शनों के कारण तब के राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षे को देश छोड़ना पड़ा था।

इसके बाद रानिल विक्रमसिंघ ने राष्ट्रपति का पद संभाला और अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मदद हासिल करने के लिए बातचीत शुरू की। मार्च 2023 में श्रीलंका को बेलआउट पैकेज मिला।

**आईएमएफ से समझौता और आर्थिक सुधार :** श्रीलंका ने आईएमएफ से 2.9 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल किया था। आईएमएफ ने हाल ही में तीसरी बार समीक्षा की, जिसमें श्रीलंका सफल रहा। इसके अलावा श्रीलंका ने 14.2 अरब डॉलर का ऋण पुनर्गठन समझौता भी किया, जो आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए जरूरी था। अब श्रीलंका को आईएमएफ की शर्तों का पालन करना है।

# अमेरिका में एक और हादसा, फिलाडेल्फिया में दुर्घटना का शिकार हुआ विमान, घरों में लगी आग

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में एक और विमान हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि दो लोगों को लेकर जा रहा एक छोटा विमान उत्तर-पूर्व फिलाडेल्फिया के एक शॉपिंग सेंटर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि उत्तर-पूर्व फिलाडेल्फिया हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लीयरजेट 55 मिसौरी में स्प्रिंगफील्ड-ब्रैनसन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ था। यह शाम करीब 6:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) एनटीएसबी के नेतृत्व में घटनाओं की जांच करेंगे।

पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शाप्रियो ने कहा कि उन्होंने फिलाडेल्फिया के मेयर से घटना के बारे में बात की है और स्थिति पर




बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने फिलाडेल्फिया मेयर से बात की है। मेरी टीम सभी जिम्मेदार एजेंसियों के साथ संपर्क में है। हम नॉर्थईस्ट फिली में छोटे निजी विमान दुर्घटना के राहत अभियान में हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

फिलाडेल्फिया आपातकालीन प्रबंधन कार्यालय ने पर लिखा, 'रूजवेल्ट मॉल के सामने उत्तर-पूर्व फिलाडेल्फिया में कॉटमैन और बस्टेलटन एवेन्यू के पास बड़ी घटना हुई। रूजवेल्ट बुलेवार्ड के कुछ हिस्सों सहित क्षेत्र में सड़कें बंद हैं। लोग फिलहाल इस इलाके से दूर रहें।' सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में वाहनों में आग लगी हुई दिखाई दे रही है। हताहतों के बारे में अभी तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। कैसे हुआ विमान हादसा?

दरअसल, फिलाडेल्फिया से उड़ान भरने के लगभग 30 सेकंड बाद ही एक मेडिकल ट्रांसपोर्ट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रिहायशी इलाके के पास हुए हादसे की वजह से कई घरों में आग लग गई गए। इसका मलबा पूरे इलाके में फैल गया। हफ्ते की दूसरी हवाई दुर्घटना के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। एक डोरबेल कैमरे ने विमान को आसमान से गिरते हुए रिकॉर्ड किया। यह एक शॉपिंग मॉल और सड़क के पास गिरा। गिरने के बाद यहां जोरदार धमाका हुआ और आग का गुबार उठते देखा गया।

### डोरबेल कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना

डोरबेल कैमरे के मालिक जिम क्विन ने कहा, 'हमने केवल एक तेज आवाज सुनी। यह नहीं पता था ।

# सद्दाम हुसैन सरकार का पूर्व सुरक्षा अधिकारी गिरफ्तार, शिया मौलवी और उनकी बहन को फांसी देने में था शामिल

**बगदाद ।** इराक की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने शुक्रवार को एक पूर्व उच्च स्तरीय सुरक्षा अधिकारी को गिरफ्तार किया है। उन पर 1980 में सद्दाम हुसैन की सरकार के समय धार्मिक विरोध पर क्रूर कार्रवाई के दौरान एक प्रमुख शिया मौलवी मोहम्मद बाकिर अल-सदर और उसकी बहन को फांसी देने में शामिल होने का आरोप है।



मोहम्मद बाकिर अल-सदर एक प्रमुख इराकी शिया मौलवी और राजनीतिक आलोचक थे, जिन्होंने पूर्व इराकी राष्ट्रपति सद्दाम की धर्मनिरपेक्ष बाथिस्ट सरकार का विरोध किया था। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद उनका विरोध बढ़ गया, जिसने इराक में शिया नेतृत्व वाले विद्रोह के बारे में सद्दाम के डर को बढ़ा दिया। 1980 में अल-सदर और उनकी बहन को गिरफ्तार किया गया 1980 में, जब सरकार ने शिया कार्यकताओं के खिलाफ कार्रवाई की, तो अल-सदर और उनकी बहन बिंत अल-हुदा को गिरफ्तार किया गया। बिंत एक धार्मिक विद्वान और कार्यकर्ता थीं, जिन्होंने सरकारी उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई थी। सरकार ने अल-सदर का शव लौटाने से किया था इनकार रिपोर्ट्स के अनुसार, 8 अप्रैल, 1980 को उन्हें फांसी पर लटकाए जाने से पहले प्रताड़ित किया गया था।

# अवैध फेंटेनाइल से मरे लाखों अमेरिकी अब मैक्सिको-कनाडा पर 25% और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगेगा

**वॉशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक फरवरी से मैक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाएंगे, जिसका उन्होंने वादा किया था। इस बारे में प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ये टैरिफ इसलिए है, क्योंकि चीन अवैध फेंटेनाइल का स्रोत बना है और इसे हमारे देश में फैलाने की अनुमति दी है, जिससे लाखों अमेरिकी मारे गए हैं।




ट्रंप ने कहा था कि वह कनाडा और मैक्सिको से आयात होने वाले तेल पर टैरिफ में छूट देने पर विचार कर सकते हैं।

इस संबंध में एक सवाल पर लेविट ने कहा कि टैरिफ में दोनों देशों को मिलने वाली छूट पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है और उनके पास इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है।

बता दें कि अमेरिका ने अक्तूबर में कनाडा से लगभग 4.6 मिलियन बैरल और मैक्सिको से 563,000 बैरल तेल आयात किया था। अक्तूबर में अमेरिका का तेल उत्पादन औसतन लगभग 13.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन था।

प्रेस सचिव लेविट ने शुक्रवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने तीन देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले के अलावा अन्य मुद्दों पर भी पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया।

### वाशिंगटन डीसी विमान दुर्घटना पर बोलीं लेविट

वाशिंगटन में दो दिन पहले हुई विमान और सैन्य हेलीकॉप्टर ब्लैकहॉक की टक्कर के मामले में प्रेस सचिव लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि हवाई यात्रा के समय अमेरिकी लोगों की सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम होना चाहिए। लोगों को असुरक्षित होने का एहसास नहीं होना चाहिए। प्रेस सचिव ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि अमेरिका के संघीय उड्डयन प्रशासन में भर्तियों का मानक कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रंप मानकों को सख्त करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि देश में पायलटों का चयन केवल उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर किया जाए और यही प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

### अपनी सीमा से ऊपर उड़ रहा था हेलीकॉप्टर

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, 'जब सरकार को टक्कर में हताहत व्यक्तियों और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, हेलीकॉप्टर के पायलट और अन्य व्यक्तियों के बारे में सटीक सूचना मिलेगी तब पहचान की पुष्टि की जाएगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने एक सवाल के जवाब में कहा, राष्ट्रपति ने स्वीकार किया है।

# गर्भपात-प्रजनन इलाज के लिए यात्रा सरकारी खर्च पर नहीं, अमेरिकी रक्षा विभाग बोला

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की सरकार अब गर्भपात और प्रजनन उपचार जैसी स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने के लिए देश से बाहर की यात्रा करने वाले सैनिकों का खर्चा नहीं उठाएगी। रक्षा विभाग ने ऐसे सैनिकों को कोई प्रतिपूर्ति नहीं देने का फैसला किया है। यह नया मेमो इस सप्ताह जारी किया गया है।



रक्षा विभाग के ताजा फैसले के बाद, बाइडन प्रशासन की नीति समाप्त हो जाएगी, जो अक्तूबर 2022 में लागू की गई थी। रो बनाम वेड के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अमेरिका के कई राज्यों में गर्भपात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### नई नीति में केवल पहले नियमों को हटाया गया

पेंटागन के मानव संसाधन विभाग के निदेशक जेफरी रजिस्टर ने बुधवार को इस मेमो पर हस्ताक्षर किए, जिसमें केवल पहले नियमों को हटाया गया है, और कोई नया मार्गदर्शन नहीं दिया गया। हालांकि, जब इस बारे में पूछा गया कि सैनिकों को अभी भी अपने खर्च पर यात्रा करने के लिए समय दिया जाएगा, तो विभाग ने इस पर कोई तत्काल जवाब नहीं दिया।

# चीन का एआई चैटबॉट डीपसीक विकसित किया, अलीबाबा और शाओमी जैसी दिग्गज टेक कंपनियों का प्रस्ताव ठुकराया

**नई दिल्ली ।** एआई की दुनिया में अमेरिकी प्रभुत्व को तोड़ने में दुनिया के विभिन्न देशों के साथ अलीबाबा समेत चीन की दिग्गज कंपनियां भी लगी थीं, लेकिन इन सभी को पीछे छोड़ते हुए महज 29 वर्ष की इस जीनियस लड़की ने डीपसीक के रूप में कोडों के जरिये ऐसी कहानी रची, जिसका रहस्य जानने को आज हर कोई बेताब है।

बात करीब छह साल पहले की है, जब चीन में अत्याधुनिक तकनीक पर विचार-विमर्श करने के लिए कई धुरंधर जुटे हुए थे। पीकिंग यूनिवर्सिटी में आयोजित एसोसिएशन फॉर कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स (एसीएल) नामक सम्मेलन में मंच पर जब 23 वर्षीय दुबली-पतली लड़की पहुंची और उसने अपने आठ रिसर्च




पेपर प्रस्तुत किए, तो उसके विचार जानकर सब हैरत में पड़ गए कि यह जो बोल रही है, वह संभव हो भी सकता है या नहीं।

वह लड़की कोई और नहीं, बल्कि लुओ फुली थीं, जिन्हें चीन के एआई चैटबॉट डीपसीक को विकसित करने में सबसे अहम किरदार माना जा रहा है। लुओ फुली दिखने में मासूम लगती हैं, लेकिन बुद्धिमत्ता के मामले में इनकी गिनती जीनियसों में होती है। डीपसीक यदि आज एआई क्षेत्र के अमेरिकी दिग्गज ओपनएआई के चैटजीपीटी, गूगल के जेमिनी, माइक्रोसॉफ्ट के सिडनी और मेटा के चैटबॉट्स को पीछे छोड़कर दुनिया भर में एपल के एप स्टोर चार्ट में शीर्ष पर पहुंच गया है, तो इसके पीछे लुओ फुली का ही दिमाग है।

पांच फुट छह इंच लंबी और 55 किलोग्राम वजन वाली 29 वर्षीय लुओ फुली का पालन-पोषण एक साधारण माहौल में हुआ था।

शुरूआत में फुली की रुचि कंप्यूटर विज्ञान में नहीं थी, लेकिन उनके पिता, जो इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे, की वजह से उन्होंने बीजिंग नॉर्मल यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस कोर्स में दाखिला लिया। स्नातक करने के बाद उन्होंने पीकिंग विश्वविद्यालय से मास्टर्स की डिग्री हासिल की।

लुओ फुली वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों को प्राथमिकता देने वाले अनुसंधान की ओर बदलाव की मजबूत पक्षधर हैं।

# राष्ट्रपति चुनाव की हार से सबक लेगी डेमोक्रेटिक पार्टी
## ट्रंप के खिलाफ आवाज उठाने के लिए चुनेगी नया नेता

**नई दिल्ली ।** अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में मिली हार से सबक लेने और नए राष्ट्रपति ट्रंप को जवाब देने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ट्रंप प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए नए डेमोक्रेट नेता का चुनाव करेगी। शनिवार को होने वाले डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी चुनाव में 400 से ज्यादा डीएनसी सदस्य भाग ले रहे हैं। सभी सदस्य वॉशिंगटन पहुंच गए हैं। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष जैमे हैरिसन फिर से चुनाव लड़ने से इनकार किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन नेता ट्रंप की बंपर जीत के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के नेता मानते हैं कि चुनाव के बाद डेमोक्रेटिक ब्रांड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप के आदेशों का डेमोक्रेटिक पार्टी विरोध नहीं



कर पा रही है। विस्कॉन्सिन डेमोक्रेटिक चेयरमैन और डीएनसी चेयर के उम्मीदवार बेन विकलर ने कहा कि ट्रंप देश भर के समुदायों पर कहर बरपा रहे हैं। हमें एक ऐसे डीएनसी और एक डीएनसी अध्यक्ष की जरूरत है जो जवाबी कार्रवाई के लिए तीव्रता, ध्यान और रोष लाने के लिए तैयार हो।

डीएनसी अध्यक्ष पद के लिए अग्रणी उम्मीदवार विस्कॉन्सिन के विकलर और मिनेसोटा के केन मार्टिन हैं। वे कामकाजी वर्ग के मतदाताओं तक डेमोक्रेटिक संदेश को फिर से पहुंचाने, देश भर में डेमोक्रेटिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पार्टी की ट्रंप विरोधी त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली में सुधार करने का वादा कर रहे हैं। उन्होंने आधुनिक समय की डेमोक्रेटिक पार्टी के स्तंभ, विविधता और अल्पसंख्यक समूहों के प्रति पार्टी के समर्पण से पीछे न हटने का वादा किया है। वहीं अगर मार्टिन या विकलर डीएनसी में चुने जाते हैं, तो 2011 के बाद से डीएनसी का नेतृत्व करने वाले पहले श्वेत व्यक्ति होंगे।

इसके अलावा इस दौड़ में कार्यकर्ता और लेखिका मैरिएन विलियमसन, मैरीलैंड के पूर्व गवर्नर और बाइडन प्रशासन के अधिकारी मार्टिन ओ मैली, तथा फैज शाकिर भी शामिल हैं। शाकिर ने पार्टी के भीतर व्यापक बदलावों की मांग की है। उन्होंने श्रमिक संघों के साथ अधिक समन्वय, नस्ल और लिंग के आधार पर वर्गीकृत अल्पसंख्यक समूहों पर कम ध्यान देने जैसे मुद्दे उठाए हैं। शाकिर ने डीएनसी में मुस्लिम कॉकस के निर्माण का विरोध किया।

कुछ डेमोक्रेटिक नेता अपनी पार्टी की दिशा को लेकर चिंतित हैं। डीएनसी उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवार और कैनसस डेमोक्रेटिक चेयर जीना रिपास ने कहा मैं सकारात्मक और आशावादी हूं। मैं इसे वास्तविक समय में देख रही हूं और सोच रही हूं कि हम वास्तव में संकट में हैं, क्योंकि मुझे बदलाव की इच्छा नहीं दिख रही है।

### दो सप्ताह से कम समय में हो रहे चुनाव

डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी चुनाव ट्रंप के शपथ ग्रहण के दो सप्ताह से भी कम समय बाद हो रहे हैं।

# रूस ने भारी नुकसान के बाद कुर्स्क मोर्चे से हटाए उत्तर कोरियाई सैनिक, यूक्रेन का दावा

**कीव ।** यूक्रेन ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि रूस की तरफ से उत्तर कोरिया के सैनिक मोर्चे पर लड़ रहे हैं। अब यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि कुर्स्क क्षेत्र में मोर्चे पर लड़ रहे उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस ने हटा लिया है। यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि भारी नुकसान के चलते उत्तर कोरियाई सैनिकों को मोर्चे से हटा लिया गया है। पश्चिमी, दक्षिण कोरियाई और यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों का कहना है कि उत्तर कोरिया ने रूस की सेना का समर्थन करने के लिए अपने 10,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है।

### कुर्स्क में यूक्रेन ने रूसी इलाके पर किया हुआ है कब्जा

उत्तर कोरिया ने कभी भी आधिकारिक तौर पर अपने सैनिकों की रूस में तैनाती की बात स्वीकार नहीं की। यूक्रेन के अनुसार, ये तैनाती कुर्स्क क्षेत्र हुई, जहां यूक्रेन ने अगस्त में सीमा पार से बड़ी जवाबी कार्रवाई की थी। यूक्रेन का दावा है कि उसने हमले के बाद कुर्स्क में रूस की दर्जनों सीमा बस्तियों पर कब्जा कर लिया। यह पहली



बार है जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कोई विदेशी सेना रूसी क्षेत्र में घुसी थी। करीब छह महीने बाद भी यूक्रेन का रूसी क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा बरकरार है। माना जा रहा है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, रूस के साथ किसी भावी बातचीत में कुर्स्क को लेकर सौदेबाजी कर सकते हैं।

### यूक्रेन ने उत्तर कोरियाई सैनिकों के फुटेज भी जारी किए थे

यूक्रेनी सुरक्षाबलों के प्रवक्ता ने बताया कि 'पिछले तीन हफ़्तों में, हमने उत्तर कोरियाई लोगों के साथ कोई गतिविधि या सैन्य झड़प नहीं देखी है। हमारा मानना है कि भारी नुकसान के कारण उन्हें वापस बुला लिया गया है।

यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसने कुर्स्क क्षेत्र में तैनात कई उत्तर कोरियाई सैनिकों को पकड़ लिया है या मार दिया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कुछ फुटेज भी पेश किए, जिनमें उन्होंने कहा है कि कुर्स्क मोर्चे पर उनकी सेना द्वारा पकड़े गए उत्तर कोरियाई सैनिकों की जानकारी दी। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है।

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश अनुसार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों मे सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसके क्रम में मोदीनगर तहसील में मेरठ मण्डलायुक्त डॉ.ऋषिकेश भास्कर यशोद आईएएस, सदर तहसील में जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस एवं लोनी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ।





## शिकायतों का समयान्तराल और पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए : मेरठ मंडलायुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद

**करंट क्राइम।** मेरठ मण्डलायुक्त डॉ.ऋषिकेश भास्कर यशोद आईएएस की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 138 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 04 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। मेरठ मण्डलायुक्त द्वारा प्राप्त शिकायत से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयान्तराल पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण किया जाएं। इस दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता, एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार रजत सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शिकायत प्राप्त होते ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का कार्य शुरू करना सुनिश्चित किया जाएं : जिलाधिकारी दीपक मीणा

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस की अध्यक्षता में जनपद की सदर तहसील में माह के प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएं। साथ ही यदि किसी व्यक्ति द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोई शिकायत दी जाती है तो उसका प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण गुणवत्ता से समाधान किया जाएं। शिकायत समाधान के उपरान्त फीड़बैक अवश्य लिया जाएं, जिस अधिकारी/कर्मचारी द्वारा शिकायतकर्ता से वार्ता की गयी हो या सम्बंधित स्थान का निरीक्षण किया गया हो, उसका विविरण रजिस्टर में अंकित किया जाएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के सम्बंध में प्राप्त शिकायतों हेतु कहा कि शिकायत प्राप्त होते ही शिकायतकर्ता की शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का कार्य शुरू कर दिया जाना चाहिए।

## 'एक सप्ताह के अन्तराल में कार्यालयों का निरीक्षण किया जाए'

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्तराल में अपने कार्यालय एवं अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जाए। इस दौरान अपने कार्यालय से सम्बंधित कार्यों के रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर आदि कार्यालयों के सभी कार्यों का रजिस्टर मैंनटेंन किया जाए। आपके कार्यालय में शिकायतें आना या ना आना आपकी कार्यशैली को दर्शाता है। अतः अपने दायित्वों को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। हर विभागीय अधिकारी माह में एक बार अपने अधीनस्थों की समस्याओं को सुने और उसका निदान करायें। उन्होने कहा कि फरवरी माह के अंत से पूर्व सभी विभाग ई-फाईलिंग पर कार्य करना सुनिश्चित करें। सदर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जीडीए सचिव राजेश सिंह, अपर नगरायुक्त अरूण कुमार, एसडीएम अरूण दीक्षित, एसीपी पूनम शर्मा, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा, तहसीलदार रवि सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम लोनी राजेन्द्र, एसडीएम न्यायिक लोनी निखिल चक्रवर्ती, पुलिस अधिकारी, ईओ लोनी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आईआईए चैप्टर अलीगढ़ की और से वर्ष 2025 का अलीगढ़ इंडस्ट्रीज योद्धा अवॉर्ड प्रमोद कुमार गुप्ता को दिया गया है। अलीगढ़ के जिलाधिकारी संजीव रंजन ने प्रमोद कुमार गुप्ता को एक समारोह में सम्मानित किया और यह अवॉर्ड प्रदान किया।

# राजू छाबड़ा को मिली युवा प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, दिलीप सेठ और निर्वाचित युवा अध्यक्ष जीतू सोनी (झांसी) द्वारा राजू छाबड़ा को युवा प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। यह जिम्मेदारी मिलने पर राजू छाबड़ा ने संगठन का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाऊंगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी का मैं दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं व स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा की नीति व विचारधाराओं को जनता के बीच पहुंचाने का काम करूंगा। और अपने पिता सुभाष छाबड़ा के आशीर्वाद से ही मैं इस मुकाम पर पहुंचा हूं।



## पति ने पत्नी पर किए चाकू से वार, खुद की गर्दन भी काट दी जान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी क्षेत्र में एक घटना में पत्नी के चरित्र पर शक के चलते एक व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला किया और फिर खुद की जान ले ली। थाना लोनी क्षेत्र के जवाहर पार्क कॉलोनी में 55 वर्षीय अलीजान ने अपनी 50 वर्षीय पत्नी शहनाज को चाकुओं से गोदा और उसके बाद खुद का गला काट लिया। पत्नी की हालत गंभीर एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य के अनुसार, घटना उस समय हुई जब शहनाज घर से बाहर निकली और अलीजान चाकू लेकर उनके पीछे गया। घर के पास एक खाली प्लॉट में उसने पत्नी को घसीटकर चाकू से कई वार किए। इसके बाद उसी चाकू से खुद की गर्दन काट ली। पहले हुआ था झगड़ा स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया, जहां अलीजान को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि शहनाज की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि अलीजान को अपनी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से संबंध होने का शक था। इसी बात को लेकर कुछ दिन पहले दोनों के बीच घर में झगड़ा भी हुआ था। दंपति के नौ बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिवार के बयान दर्ज कर रही है।

# सिद्धान्तम हेरिटेज स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुआ 'हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम' उत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना के सिद्धान्तम हेरिटेज स्कूल के प्रांगण में शनिवार को ब्लॉक रजापुर का 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा एक के नोडल अध्यापक व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सम्मिलित हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनुपमा ग्रोवर ,वाईस चेयरमैन शोबित जैन , एसारजी विनीता त्यागी ,देवांकुर भारद्वाज ,सुपरवाइजर पूनम शर्मा सम्मिलित हुए। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई और छात्रों की सरस्वती वंदना एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रमों ने वातावरण को रोमांचित कर दिया। नोडल संकुल शिक्षकों ने अपने-अपने सत्रो का पी० पी० टी० के माध्यम सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। रजापुर ब्लॉक की पांच न्याय पंचायत के अध्यापकों द्वारा स्वयं निर्मित टीएलएम की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें अतिथियों द्वारा डासना न्याय पंचायत को प्रथम व नगला न्याय पंचायत को द्वितीय स्थान देकर सम्मानित किया गया। सत्र 2024 -25 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के 10 छात्रों व आंगनबाड़ी के 15 निपुण छात्र-छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में परिषदीय विद्यालय नंगला ,भिककनपुर ,उस्मानगढ़ी के छात्रों को ट्रॉफी व कलर किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एसआरजी देवांकुर भारद्वाज ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक रजापुर की समस्त एआरपी टीम रश्मि दुबे, शैलजा राजन, आरती वर्मा ,रेनू चौहान व पवन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ए०आर० पी० रेनू चौहान द्वारा किया गया।

# प्रशासन को चाहिए कि साप्ताहिक बाजार उजाड़े नहीं उन्हें अन्यत्र बसाए : वीरेन्द्र यादव एडवोकेट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने एक बयान जारी कर साप्ताहिक बाजार प्रकरण पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोग सड़कों पर हर प्रकार का सामान लगा, बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। प्रशासन चिन्हित कर बाजार हटाने के कार्य में लगा है, कई जगहों से हटा भी दिया है। मेरा कहना है कि उन्हीं क्षेत्रों में जहां आवागमन कम बाधित हो, उन्हें बाजार लगाने की व्यवस्था प्रशासन को करनी चाहिए, जिससे उनका गुजर-बसर बाजार लगा कर हो सके, और जनता को भी कोई आने-जाने में परेशानी न हो।

साप्ताहिक बाजार न लगने से सरकार को भी राजस्व की हानि उठानी पड़ सकती है, साप्ताहिक बाजार केवल भारत में ही नहीं पूरे विश्व में लगता है। इसकी व्यवस्था वहां का शासन, प्रशासन करता है, साप्ताहिक बाजार में एक ही स्थान पर जनता को उचित दाम पर रोजमर्रा का सामान उचित मूल्य पर मिल जाता है, हम समाजवादी पार्टी के लोग साप्ताहिक बाजार लगाने वाले दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों उपभोक्ताओं व जन हित में ज्वलंत समस्या का निवारण करने की व्यवस्था की मांग करते है आपके संज्ञान में यह भी लाना चाहते है कि साप्ताहिक बाजार में पक्की दुकानों से आधे दाम पर सामान लोगों को उपलब्ध हो जाता है, कम आय वाले लोग साप्ताहिक बाजार से ही लाभान्वित होते है, सभी को दृष्टिगत रखते हुए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें साप्ताहिक बाजार में सब्जी, कपडे, बर्तन जरूरतमंद लोग, श्रमिक भाई अपने काम से आकर देर रात तक खरीदते है, जब बाजार लगेगा तो ई रिक्शा भी चलेंगे, उसकी उचित व्यवस्था करना सरकार की जिम्मेदारी है, मेरी मांग यह भी है कि प्रशासन मजदूरों, जरुरतमंदों के हक में अपने कर्तव्य का उचित निर्वहन करे यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से चले, साप्ताहिक बाजार भी लगे, इसी में दुकानदारों और आम जनों का कल्याण संभव है, यह जमीनी हकीकत है।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक मेला आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को आयोजित वार्षिक मेला 'ऋ७ल्ल ऋ्२३' बच्चों ही नहीं अभिभावकों व अतिथियों के दिलों पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ गया। स्कूल के बच्चों ने मेले में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले का उदघाटन स्कूल के चेयरमैन जे.के.गौड़ ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के अंदर जहां नई शक्ति व उत्साह का संचार होता है, वहीं उन्हें खेल-खेल में ही बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

स्कूल के डायरेक्टर डॉ करूण कुमार गौड़ ने सभी को बसंत पंचमी की बधाई दी और कहा कि बसंत पंचमी का पर्व जिस प्रकृति में रंग भरकर उसे खबसूरत बनाता है, ठीक उसी प्रकार ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा में रंग भरकर उनमें नया निखार लाते हैं, जिससे बच्चे हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं और उनका जीवन सुंदर बनता है।

## स्कूल का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना : प्रधानाचार्य

**करंट क्राइम।** स्कूल की प्रधानाचार्य अंजू गौड़ ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारकर उनका चहुंमुखी विकास करना है, ताकि वे शिक्षा ही नहीं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर समाज व देश के विकास में योगदान दे सकें। 'ऋ७ल्ल ऋ्२३' मेले में स्कूल के बच्चों ने अनेक प्रकार के मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाए जिन पर बच्चों ही नहीं बडों की भीड रही। फूड स्टॉल से बच्चों ने अपनी पाक कलाका प्रदर्शन किया। हेंडीक्रॉफ्ट आइटमों, नृत्य, मेहंदी के आकर्षक डिजाइनों से भी बच्चों ने सभी का दिल जीत लिया। मेले में बुक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। मेले में विभिन्न गतिविधियों में आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Adv Sanjay Sharma

आज अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर आप सभी साथियों एवं मित्रों के आशीर्वाद एवं शुभकामनाओं का अभिलाषी हूं।
आपका अपना,
एडवोकेट संजय शर्मा।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समय के साथ साथ जीवन अपनी यात्रा करता है। इस यात्रा में वो पल सबसे अनमोल होता है जब सात फेरो के साथ दो प्राणी एकसाथ पाणिग्रहण संस्कार के साथ जीवन साथी बनते हैं। ये तारीख यादगार है ये प्यार है ये परिवार है ओर संस्कार है। संजय शर्मा ने अपनी मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।


## शोक-संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



मान्यवर

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पिता **श्री विनय अरोड़ा जी (अरोड़ा स्टोर्स वाले)** का देहांत **दिनांक : 20 जनवरी, 2025** को हो गया है, उनकी आत्मा की शांति हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित है।

**कार्यक्रम : 02 फरवरी, 2025**

| | | |
|---|---|---|
| ब्रह्म भोज | : | दोपहर 12:00 बजे |
| रस्म पगडी | : | दोपहर 02 से 04 बजे |

**स्थान : श्री सुल्लामाल रामलीला मैदान, (जानकी भवन) घंटाघर, गाजियाबाद**

अतः आप महानुभाव से विनम्र निवेदन है कि उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित कर ब्रह्म भोज में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

**शोकाकुल परिवारः-**

मोहित अरोड़ा (पुत्र) 9953820082
विजय अरोड़ा (भाई)
गौरव अरोड़ा (भतीजा)
लवी अरोड़ा (भतीजा)

विकास जुनेजा (दामाद)
विवेक शर्मा (दामाद)
नीरज मेहरा (दामाद)
एवं समस्त अरोड़ा परिवार